जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, बुधवार 15 अक्टूबर, 2025




OSWAL SOAP GROUP
SINCE
ओसवाल
1956
हर रिश्ते का रखे ख्याल...
ओसवाल सोप ग्रुप
VOCAL FOR LOCAL
6 करोड़ परिवारों का विश्वास
क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला
जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल
69
वर्षों का विश्वास
5Ltr. 1Ltr.
मूंगफली तेल
1Ltr. 5Ltr. 500ml
कच्ची घानी तेल
1Ltr. 5Ltr. 500ml
रिफाइंड सोयाबीन तेल
1Ltr.
रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच
1kg
बासमती चावल
1kg
ओसवाल चावल
800g
POHA
पोहा
1kg
चाय पत्ती
250g
डस्ट चाय
1kg
DESI KHAND
देसी खांड
1kg
DHAGA MISHRI
धागा मिश्री
500g
OSF
हल्दी पाउडर
1kg
OSF
मिर्च पाउडर
500g
OSF
धनिया पाउडर
1kg
OSF
Jeera
जीरा
1kg
SOYA CHUNKS
सोया चंक्स
1kg
MAIZE STARCH POWDER
मैज स्टार्च पाउडर
1kg
ROCK SALT
सैंधा नमक
1kg
OSWAL BLACK SALT
काला नमक
1kg मूंग दाल
1kg हरी मूंग दाल
1kg उड़द धुली दाल
1kg तुअर दाल
1kg चना दाल
1kg काबुली चना
सॉंभर मसाला
चना मसाला
रायता मसाला
चाट मसाला
गरम मसाला
पाव भाजी मसाला
250ml
अल्कलाइन वॉटर
ओसवाल सोप
1kg
1kg
व्हाइट सोप
1kg
मल्टीकलर सोप
1kg
वॉशिंग पाउडर
1kg
डिटर्जेंट पाउडर
डिटर्जेंट केक
1Ltr.
डिटर्जेंट लिक्विड
500ml
डिशवॉश लिक्विड
1kg
डिशवॉश टब
डिशवॉश केक
100g
बाथ सोप
75g
ग्लिसरिन बाथ सोप
250ml
लिक्विड हैंड वॉश
200ml
शॉवर जैल
500ml
ग्लास क्लीनर
1Ltr.
टॉयलेट क्लीनर
1Ltr.
फ्लोर क्लीनर
50g
अगरबत्ती धूपबत्ती
250gm
Naphthalene balls
नेफ्थलीन बॉल्स
पशु आहार
8000
नीरवी पशु आहार
हैप्पी टच
फ्लोर वाइपर
OSWAL BROOM
फूल झाड़ू
Oswal
ओसवाल सोप ग्रुप
अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें
विपणन :
उत्तम चन्द देसराज
अब घर बैठे मँगवाये ओसवाल उत्पाद
OswalSoap.com पर जाएं या
स्कैन करें और ओसवाल ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play
नकली माल से सावधान

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 75 प्रभात जयपुर, बुधवार 15 अक्टूबर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**'So why does the Left hate Netanyahu so much?'**
According to Cohen, the Left hates Netanyahu for killing the two-state solution, and for causing the assassination of he who bore the message of this solution, Yitzhak Rabin

**'It's like they're family'**

**Our Very Own Hibiscus**

# जैसलमेर -जोधपुर हाईवे पर स्लीपर बस में आग लगी, 12 की मौत

## मुख्यमंत्री जैसलमेर पहुँचे, बस में सवार 57 यात्रियों में अधिकतर 70 प्रतिशत तक झुलसे

जैसलमेर/जोधपुर, 14 अक्टूबर (नि.सं.)। जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। आग ने भीषण रूप ले लिया। बचने के लिए यात्री चलती बस से कूद गए। हादसे में 12 लोगों की मृत्यु होने के समाचार हैं। झुलसे यात्रियों को तीन एंबुलेंस से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां से सभी को जोधपुर रैफर कर दिया। अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं।

जैसलमेर पहुंच कर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना को लेकर जिला प्रशासन से फीडबैक लिया।

जानकारी के अनुसार, बस में 57 लोग सवार थे। नगरपरिषद के असिस्टेंट फायर ऑफिसर कृष्णपालसिंह राठौड़ ने हादसे में 12 लोगों की जलने से मौत होने के समाचार दिये हैं। आग लगने का कारण बस की एसी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

बस में आग लगने का हादसा जैसलमेर के थईयात गांव के पास हुआ। आग की लपटें और धुआं काफी ऊंचाई

- **बस में आग लगने का कारण ए.सी. में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। गंभीर रुप से झुलसे लोगों के लिये जोधपुर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।**

तक उठता रहा। बस रोजाना की तरह दोपहर करीब 3 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 20 किलोमीटर दूर रास्ते में थईयात गांव के पास अचानक बस के पिछले हिस्से से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही, आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे तथा राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। झुलसे यात्रियों को तीन एंबुलेंस से

( शेष पृष्ठ 4 पर )



*जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर थईयात गांव के पास मंगलवार दोपहर एसी स्लीपर बस में भीषण आग लग गई। जिसमें 12 लोगों की मृत्यु हो गई।*

# प्रशांत किशोर के चुनाव लड़ने पर अभी भी सस्पैंस बरकरार

**- जाल खंबाता -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) ने मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें 65 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। लेकिन इस सूची में स्वयं प्रशांत किशोर का नाम नहीं है।

पिछले सप्ताह जेएसपी ने पहली सूची जारी की थी, जिसमें 51

- **जन सुराज पार्टी के उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में भी पार्टी प्रमुख प्रशांत किशोर का नाम नहीं है।**

उम्मीदवारों के नाम थे। इस तरह पार्टी ने अब तक कुल 116 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिनमें से 26 सीटें आरक्षित (25 अनुसूचित जाति और 1 अनुसूचित जनजाति) के लिए हैं, जबकि 90 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं।

जन सुराज पार्टी के उम्मीदवारों की इस सूची में बिहार के कई जिलों जैसे पटना, मधुबनी, गोपालगंज, वैशाली, नवादा और समस्तीपुर, के नाम शामिल हैं। 21 उम्मीदवारों में प्रमुख नाम हैं, संजय यादव (मधेपुरा), तौरीफरहमान (नरकटियागंज), रवि राज कुमार (हिसुआ), पुष्पा कुमारी (बनियापुर), एडवोकेट मीनू कुमारी (पटना

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 'तुम लोगों ने कैसे स्वीकार कर लिया सीटों के बंटवारे का फार्मूला'

## नीतीश कुमार अपनी पार्टी के उन नेताओं से अति कुपित हैं जिन्होंने भाजपा से सीटों के बँटवारे को स्वीकृति दी थी

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। बिहार में एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में उथल-पुथल मची हुई है। जेडीयू नेता और मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीट बंटवारे के समझौते पर दोबारा बातचीत करने पर अड़े हुए हैं। वहीं, गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों - हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) के प्रमुख जीतन राम मांझी और आर एल एम (राष्ट्रीय लोक जनशक्ति मंच) के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा - ने भी असंतोष जताया है।

सोमवार को भाजपा द्वारा घोषित सीट बँटवारे के समझौते के अनुसार, 243 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा और जेडीयू दोनों को 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। चिराग पासवान के नेतृत्व वाले लोजपा (रामविलास) को 29 सीटें, तथा हम और आर एल एम को 6-6 सीटें मिली हैं।

सोमवार शाम अपने आवास पर बुलाई गई आपात बैठक में मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी के समझौता वार्ताकारों - संजय झा, राजीव रंजन सिंह 'लल्लन', और विजय चौधरी को फटकार

- **नीतीश ने धमकी दी कि न तो वे स्वयं न उनकी पार्टी का कोई प्रतिनिधि भाजपा की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होगा जब तक सीट बँटवारे का फार्मूला नहीं खुलेगा और दुरुस्त किया जायेगा।**
- **नीतीश कुमार भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं से यह पक्की व साफ घोषणा चाहते हैं कि अगर एनडीए मिलकर पुनः सरकार बनाती है तो नीतीश ही मुख्यमंत्री होंगे।**
- **नीतीश ने साफ कहा, कि भाजपा का गोलमोल आश्वासन, कि एनडीए नीतीश के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है, पर्याप्त नहीं है और उन्हें स्वीकार नहीं है।**
- **भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्रीय सरकार पर कुप्रभाव पड़ता है अगर बिहार का चुनाव एनडीए के खिलाफ गया, अतः भाजपा भी सीटों के बँटवारे को नीतीश की शर्त के अनुसार दोबारा खोलने को तैयार हो जायेगी।**

लगाई। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार इस बात से नाराज़ हैं कि उनकी टीम ने भाजपा के साथ बराबर की सीटें स्वीकार कर लीं और साथ ही कुछ पारंपरिक जेडीयू सीटें भाजपा या लोजपा (रामविलास) को सौंप दीं। उदाहरण के लिए, भाजपा ने मुँगेर ज़िले की तारापुर सीट से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उम्मीदवार बनाया है, जबकि यह सीट 2010 से जेडीयू के कब्जे में थी। चौधरी का नाम भाजपा की मंगलवार को जारी 71 उम्मीदवारों की सूची में शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक समझौते पर दोबारा बातचीत नहीं होती, वे किसी भी एनडीए प्रेस कॉन्फ्रेंस में न तो खुद

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# आईएमएफ भारत की इकॉनमी की बढ़ाइयों के पुल बांध रहा है

## आईएमएफ के अनुसार यूरोप के देशों की इकॉनमी की हालत काफी खस्ता होने वाली है भारत की तुलना में

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। वॉशिंगटन में फंड-बैंक की छमाही बैठक शुरू होने के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी "वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक" रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर बेहद सकारात्मक तस्वीर पेश की गई है।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान अब भारत की आर्थिक संभावनाओं की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि भारत की यह जोरदार प्रशंसा इन संस्थानों के प्रति भारत की उदारता को दर्शाती है। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका, जो अब तक इन संस्थानों को सबसे ज्यादा धन राशि देता था, उसने अपने योगदान में कटौती कर दी है।

हर साल ये दोनों प्रमुख संस्थान, आईएमएफ और विश्व बैंक, दो बैठकें करते हैं, एक शरद ऋतु में और दूसरी

- **यूरोपीय देशों की इकॉनमी, उनका व्यापार व उद्योग सदा से ही अमेरिकी बाजार व मांग पर आश्रित रहा है।**
- **पर भारत की इकॉनमी की ताकत है देश की स्वयं की मांग। अतः अमेरिकी टैरिफ का यहां उतना ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।**
- **आईएमएफ ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में स्वीकार किया है कि विकसित देशों की इकॉनमी निगेटिव रह सकती है, जिसमें अमेरिका शामिल है।**
- **आईएमएफ के आंकलन के अनुसार एशिया की इकॉनमी इतनी खराब नहीं होगी, और एशिया में सबसे सुदृढ़ इकॉनमी भारत की रहेगी।**

वसंत ऋतु में। मौजूदा बैठक का उद्देश्य मौजूदा खतरों और अवसरों की समीक्षा करना है।

आईएमएफ ने भारत की 2025 की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि अगले वर्ष, यानी 2026 के लिए अनुमान 6.2 प्रतिशत रखा गया है, क्योंकि अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर ऊंचे शुल्क लगा दिए हैं।

इस मामूली गिरावट के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# हाई कोर्ट के दो न्यायाधीश दिल्ली गये, एक जयपुर आये

जयपुर, 14 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों का तबादला किया गया है, इनके अलावा एक न्यायाधीश को वापस राजस्थान

- **राजस्थान से जस्टिस दिनेश मेहता व अवनीश झिंगन दिल्ली हाई कोर्ट गये तथा वहां के जस्टिस अरुण मोंगा का राजस्थान तबादला हो गया।**

हाईकोर्ट भेजा गया है।

केन्द्र सरकार ने तीन अलग-अलग आदेश जारी कर राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश दिनेश मेहता और अवनीश झिंगन का दिल्ली हाईकोर्ट तबादला किया है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट में कार्यरत जस्टिस अरुण मोंगा का तबादला कर राजस्थान हाईकोर्ट भेजा गया है। जस्टिस मोंगा का गत जुलाई माह में राजस्थान हाईकोर्ट से दिल्ली तबादला किया गया था।

# मध्यप्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में, ओ.बी.सी. कोटा अपने राज्य में बढ़ाने के लिये कई दलीलें, पंद्रह हज़ार पन्नों के शपथ पत्र के माध्यम से दीं

## शपथ पत्र में सरकार ने अंबेडकर सोशल साइंस यूनिवर्सिटी (मऊ) के एक अध्ययन व शोध पत्र को कई बार उद्धृत किया।

**- जाल खंबाता -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल मध्य प्रदेश सरकार के हलफ़नामे की शुरुआत ही एक विरोधाभास से होती है। दस्तावेज़ में प्राचीन भारत को एक जातिहीन, योग्यता-आधारित समाज के रूप में गौरवान्वित किया गया है और विदेशी आक्रमणों को सामाजिक पदानुक्रम और भेदभाव लाने के लिए दोषी ठहराया गया है। यह वैदिक काल को समानता और सौहार्द का युग बताता है, लेकिन बाद में भारत की आर्थिक गिरावट का कारण किसानों और कारीगरों के जाति-आधारित शोषण को बताता है एक ऐसा अन्याय, जिसे पहले इसने अस्तित्वहीन बताया था।

- **मध्यप्रदेश सरकार ओबीसी कोटा को चौदह से सत्ताईस प्रतिशत करना चाहती है।**
- **यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित आरक्षण, पचास प्रतिशत की सीमा लांघ कर तिरेसठ प्रतिशत हो जाती है।**
- **अंबेडकर यूनिवर्सिटी के सर्वे में कई उदाहरण अंकित हैं, जिनमें मध्यप्रदेश में ओबीसी के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार व अपमानजनक प्रथाओं का विस्तार से विवरण दिया है।**


यही विरोधाभास राज्य में ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की सरकार की कानूनी दलील की नींव बनता है। इस दलील को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के नारे और राष्ट्र-निर्माण के भाषण में लपेटा गया है।

इस रिपोर्ट की पृष्ठभूमि मध्य प्रदेश में जातिगत भेदभाव की बार-बार सामने आने वाली घटनाएँ हैं। हाल की एक घटना में दमोह में ओबीसी कुशवाहा समुदाय के एक युवक को एआई से बनाई गई तस्वीर के विवाद के चलते एक ब्राह्मण व्यक्ति के पैर धोने के लिए मजबूर किया गया।

राज्य सरकार के 15,000 पन्नों के हलफ़नामे से पता चलता है कि ऐसी घटनाएँ अपवाद नहीं हैं। हलफ़नामे में न केवल मध्य प्रदेश में जाति-आधारित भेदभाव होने को स्वीकार किया गया है, बल्कि व्यापक संरचनात्मक सुधारों की सिफारिश भी की गई है, जिनमें शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण और लाड़ली बहना व लाड़ली बेटी जैसी कल्याणकारी योजनाओं में ओबीसी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत कोटा शामिल है।

सरकार के प्रस्तुतिकरण में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू की एक गोपनीय

( शेष पृष्ठ 4 पर )



## विचार बिन्दु

दानी कभी दुःख नहीं पाता, उसे कभी पाप नहीं घेरता। –ऋग्वेद

# ठीक हो सकने वाले बच्चों के कैंसर उपचार में मदद

कैंसर का नाम सुनते ही मन में भय, अनिश्चितता, और संघर्ष की छवि उभरती है। एक ओर जहां आधुनिक चिकित्सा अनुसंधानों ने विभिन्न प्रकार के कैंसर के इलाज से इस दुर्दान्त व्याधि को नियंत्रित कर जीवन प्रत्याशा को बढ़ाना संभव किया है, वहीं दूसरी ओर यह इलाज इतना महंगा होता है कि गरीब और आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोग उसे वहन ही नहीं कर सकते। खासकर निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए, इस बीमारी का इलाज एक भारी आर्थिक बोझ बन कर उन्हें तोड़ देता है। इसीलिए कहा जाता है कि कैंसर का रोग मरीज को तो तबाह करता ही है, उसके परिवार को भी आर्थिक दृष्टि से तबाह कर देता है। कैंसर की बीमारी के अनेक रूप हैं। वह क्यों होता है इस पर भी चिकित्सा जगत के अनुसंधानकर्ता किसी अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। वे इतना जरूर साफ तौर पर जानते हैं कि मानव शरीर में कोशिकाओं के विभाजन से नई कोशिकाओं का बनना और नष्ट होना एक सामान्य, नियमित तथा संतुलित अनिवार्य प्रक्रिया है। मगर जब यह प्रक्रिया बिगड़ जाती है तब कोशिकाओं का सामान्य विभाजन होकर नई कोशिकाओं का बनना अनियंत्रित हो जाता है और नई कोशिकाओं के बनने का विस्फोट हो जाता है। यह शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है। जब कोशिकाओं का विस्फोट होता है तब वह अतिरिक्त कोशिकाएं पीड़ादायक गांठ का रूप धरण कर लेती है। इसी को कैंसर की गांठ कहते हैं।

वैज्ञानिक अनुसंधानों ने ऐसा होने के अनेक कारक खोजे हैं जिनमें धूम्रपान, तंबाकू तथा शराब का सेवन प्रमुख रूप से शामिल हैं। हालांकि कैंसर के इलाज में चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति की है किन्तु अब भी यह व्याधि असाध्य रोग के रूप में ही बनी हुई है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में होने वाले कैंसर का एक आशावादी पक्ष यह है कि उनमें होने वाले विभिन्न प्रकार के रक्त कैंसर में अधिकतर कैंसर पूरी तरह ठीक होने योग्य होते हैं। ठीक हुआ हर बच्चा सिर्फ़ एक बचा हुआ जीवन नहीं होता हैवह एक पुनर्स्थापित भविष्य भी होता है। गरीबी या आर्थिक तंगी के कारण किसी बच्चे को इलाज योग्य कैंसर से मरने देना कोई भी अच्छा समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। ऐसा न हो इसका मानवीय और सामाजिक दायित्व बनता है जिसे जयपुर में भगवान महावीर कैंसर अस्पताल निभा रहा है। वहां जीवनदान निधि परियोजना चलती है जिसका उद्देश्य कैंसर से जूझ रहे बच्चों के गरीब परिवारों को, जो अपने सीमित आर्थिक स्थिति के कारण इस बीमारी के महंगे इलाज की चुनौती का सामना कर पाने में असमर्थ हैं, का मुफ़्त इलाज करना है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार कैन्सर ग्रस्त एक बच्चे के इलाज पर लगभग 5 लाख रुपये का खर्च आता है जो कई परिवारों के लिए असंभव राशि होती है। पैसे की कमी के कारण किसी बच्चे को इलाज से वंचित करना न केवल दुखद है, बल्कि समाज की विफलता भी है। इस निधि की स्थापना इसी स्थिति को बदलने के लिए की गई है। भगवान महावीर कैंसर अस्पताल के ट्रस्टियों की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के साथ 2014 में गरीब परिवारों के 10 बच्चों को सहायता के लिए चुनने के साथ इस परियोजना की शुरुआत हुई। बाद में इसे बढ़ाकर सालाना 20 बच्चों तक कर दिया गया। जीवनदान निधि से बच्चों में होने वाले तीन प्रकार के रक्त कैंसरों का निःशुल्क उपचार किया जाता है जिनके बारे में माना जाता है कि उचित इलाज से मरीज के कैन्सर मुक्त होने की दर बहुत अधिक है। यह कैंसर हैं:–एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया, एक्यूट प्रोमाइलोसाइटिक ल्यूकेमिया, और हॉजकिन्स लिंफोमा। कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) साझेदारियां और व्यक्तिगत दानदाता इस परियोजना की रीढ़ बने। इंडसइंड बैंक ने 5 वर्षों में 5.25 करोड़ रुपये की सीएसआर सहायता प्रदान की, और उसके बराबर ही व्यक्तिगत दानदाताओं ने भी आर्थिक योगदान दिया जिससे यह काम चल पा रहा है।

जीवनदान निधि का अब तक का प्रभाव बहुत उत्साहवर्धक है। इस साल जून माह तक 272 बच्चों का इलाज के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार चयन किया गया। इनमें से 168 बच्चे सफलतापूर्वक कैंसर व्याधि से ठीक हो चुके हैं और अब स्वस्थ, सामान्य जीवन जी रहे हैं। अभी आठ बच्चे उपचाराधीन हैं, और उनकी भी प्रगति उत्साहजनक है। इलाज के बाद भी मरीज की नियमित जांच भी इसमें शामिल है क्योंकि कैंसर के फिर उभर जाने का अंदेशा बना रहता है। भगवान महावीर कैंसर अस्पताल की यह पहल एक राह सुझाती है कि यदि सब मिल कर मदद करें तो बहुत कुछ हो सकता है और यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कोई भी ऐसा बच्चा न छूटे जिसका कैंसर ठीक हो सकता हो। किसी भी अस्पताल या संस्था द्वारा मानवीयता और सामाजिक संवेदनशीलता से कैंसर रोगियों के लिये कोई पहल की जाती है तो उसका व्यापक प्रचार होना चाहिए ताकि उनसे प्रेरणा पाकर और संस्थाएं भी ऐसी पहल करने आगे आयें। मगर कृपण मीडिया में ऐसी खबरों के लिए कोई स्थान नहीं होता। इसका नतीजा यह होता है कि समाज में हो रही अच्छी बातों से आमजन अनजान रह जाते हैं। जीवनदान निधि में एक एक बच्चे के इलाज के लिए पांच लाख रुपये का व्यक्तिगत दान देने वाले दाता तैयार किये जाते हैं। ऐसी पहलें और भी हों उसके लिए ऐसी योजनाओं के सफलतापूर्वक संचालन के लिए एक स्थिर और विश्वसनीय वित्तीय आधार आवश्यक होता है। यह आधार सरकारी सहायता, निजी संस्थाओं तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योगदान से संभव है। जीवनदान निधि योजना अब तक अपनी सार्थकता सिद्ध कर चुकी है। इस प्रकार की पहल ने न केवल कैंसर पीड़ित बच्चों के परिवारों पर आर्थिक बोझ को कम किया है, बल्कि उन परिवारों को एक संघर्ष के दौरान आशा देने का भी काम किया है, जो इलाज की लागत के चलते हार मान सकते थे। जीवनदान निधि न केवल चिकित्सा क्षेत्र में एक उदारता है, बल्कि वह हमें यह याद दिलाती है कि समाज की सहभागिता से बहुत कुछ संभव है। इस प्रकार की परोपकारी योजनाएं सन्देश देती हैं कि संवेदनशील संस्थाएं चिकित्सा–उपकार और सामाजिक न्याय को साथ लेकर चल सकती हैं।

**यहां मीडिया की भूमिका भी आती है कि वह ऐसे कामों के प्रति पहुंच एवं जागरूकता पैदा करे। केवल चिकित्सा सहायता ही काफी नहीं होगी; रोगी और परिवारों को मानसिक स्वास्थ्य, पुनर्वास, सामाजिक समायोजन आदि सहायता भी चाहिए जिसके लिए शासन और समाज को मिल कर काम करना होगा। अस्पताल के सहयोग से मनोचिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, पुनर्वास कर्मी, पोषण विशेषज्ञ आदि को भी इस अभियान में शामिल करना होगा।**

हालांकि इस परियोजना ने उल्लेखनीय काम किया है, फिर भी यह एक छोटा कदम है, मगर वह एक राह दिखाता है। कैंसर की समस्या बहुत बड़ी है और उसके इलाज की चुनौति उससे भी बड़ी है। ऐसी सफलता को दीर्घकाल तक सुनिश्चित करने के कदम उठाने की समय की मांग है। इसके लिए लिए अनेक चुनौतियों का सामना करना होगा। जैसे फंड की अस्थिरता एवं संसाधन की कमी। सामाजिक कल्याण योजनाएं अक्सर समय–समय पर वित्तीय दबाव का सामना करती हैं। इसलिए ऐसी पहलों में निरंतर दान एवं समर्थन सुनिश्चित करना आवश्यक होता है। इसके लिए सरकार, निगमों एवं व्यक्तिगत दाताओं के साथ साझेदारी बढ़ाई जासकती है। फंड की पारदर्शिता तथा उसकी नियमित रिपोर्टिंग प्रणाली से ऐसा संभव है जैसा कि भगवान महावीर कैंसर अस्पताल की जीवन दान निधि की व्यवस्था में होता है। यह सुनिश्चित करना भी मुश्किल हो सकता है कि सहायता का दायरा कैसे निर्धारित हो – सभी रोगियों को देने से संसाधन बिखर सकते हैं। लेकिन एक स्पष्ट व न्यायसंगत चयन प्रक्रिया बने जिसमें सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि, बीमारी का स्तर, पारिवारिक स्थिति आदि को मापा जाए तो ऐसी अनेक पहलें हो सकती हैं। यहां मीडिया की भूमिका भी आती है कि वह ऐसे कामों के प्रति पहुंच एवं जागरूकता पैदा करे। केवल चिकित्सा सहायता ही काफी नहीं होगी; रोगी और परिवारों को मानसिक स्वास्थ्य, पुनर्वास, सामाजिक समायोजन आदि सहायता भी चाहिए जिसके लिए शासन और समाज को मिल कर काम करना होगा। अस्पताल के सहयोग से मनोचिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, पुनर्वास कर्मी, पोषण विशेषज्ञ आदि को भी इस अभियान में शामिल करना होगा। कैंसर कभी–कभी लौटकर भी आ सकता है; ऐसे में निशुल्क देखभाल की व्यवस्था बनाए रखनी होगी जैसा जीवनदान निधि से होता है। इसके लिए नियमित फॉलो–अप सिस्टम, दूरस्थ सलाह–सहायता व घर–आधारित संभाल के काम विभिन्न संस्थाएं आपस में बांट सकती हैं। ऐसे मॉडल भी बनाए जा सकते हैं जिनमें छोटे स्तर पर भी व्यक्तिगत योगदान दिया जा सकता है। वह धन, समय, स्वैच्छिक सेवा किसी का भी हो सकता है। लेकिन सबसे बढ़ कर है नीति एवं शासन का सहयोग। स्वास्थ्य एक मौलिक मानव अधिकार है, और भारतीय संविधान नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान करता है। संविधान का अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) को सुप्रीम कोर्ट ने स्वस्थ जीवन जीने के अधिकार के रूप में व्याख्यायित किया है। राज्य नीति निदेशक तत्व (अनुच्छेद 47) में राज्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और पोषण सुधारने का निर्देश दिया गया है। इसलिए राज्य एवं केंद्र सरकार को इस तरह की पहलों को बढ़ावा देना चाहिए। भगवान महावीर कैंसर अस्पताल, जयपुर की जीवनदान परियोजना एक प्रेरणादायी उदाहरण है कि किस तरह सामाजिक संवेदनशीलता, दान, और चिकित्सकीय उत्कृष्टता मिलकर जिंदगियां बचा सकती हैं। ऐसे प्रयास न केवल आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को राहत देते हैं, बल्कि समाज को मानवीय भी बनाते हैं। ऐसे प्रयासों को बढ़ाने की दिशा में सोचने की बहुत आवश्यकता है। सरकार, संस्थाओं और नागरिकों को इस मिशन के साथ खड़े होना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ समाज की नींव पक्की हो सके और 'जीवनदान' को शब्द से करामात में बदला जा सके। जब हम एक–दूसरे का हाथ थामते हैं, तब ही जीवनदान जैसा आदर्श सफल हो सकता है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# ''गिव अप अभियान'' : जरूरतमंदों तक पहुंचा लाभ, अपात्रों पर सख्ती

## राजस्थान में अब तक 39 लाख से अधिक अपात्र व्यक्तियों ने स्वेच्छा से योजना छोड़ी



सुमित गोदारा

सामाजिक न्याय की दिशा की दृष्टि से राजस्थान सरकार का ''गिव अप अभियान'' अत्यंत महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शुरू इस पहल का उद्देश्य असल हकदारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ दिलाना और अपात्रों को सूची से हटाना है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की मूल भावना भी यही है कि गरीब का निवाला केवल उसी तक पहुँचे, जिसके पास जीवन–यापन के लिए पर्याप्त साधन नहीं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए राजस्थान में अब तक 39 लाख से अधिक अपात्र व्यक्तियों ने स्वेच्छा से योजना छोड़ी है। साथ ही ई–केवाईसी न कराने वाले 27 लाख से अधिक व्यक्तियों के नाम स्वतः हट गये। इस पहल से गरीबों के लिए जगह बनी और आज तक 66 लाख से अधिक नए पात्र किंतु वंचित व्यक्ति खाद्य सुरक्षा से जुड़ चुके हैं। यह उपलब्धि दर्शाती है कि राज्य सरकार का फोकस सही दिशा में है।

राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सूची से जुड़ते ही पात्र परिवारों को केवल सस्ती दर पर अनाज ही न मिले, बल्कि अन्य योजनाओं का लाभ भी स्वतः मिल सके। मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत 450 रुपए में 12 गैस सिलेंडर, आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख का कवच और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा जैसी सुविधाएं गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठा रही है।

''गिव अप अभियान'' की सबसे बड़ी उपलब्धि नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है। अब पात्र परिवार ई–मित्र केंद्र या सीधे ... पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। शहरी और ठामीण स्तर पर जांच दल गठित हैं और जिला कलेक्टरों को भी नाम जोड़ने का अधिकार दिया गया है। पहली बार प्रक्रिया इतनी आसान हुई है कि कोई भी पात्र परिवार अब वंचित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि गरीब का हक अपात्र के पास नहीं जाना चाहिए। इसी के तहत अब अपात्रों पर सख्त कार्रवाई होगी। स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्रों की सूची सार्वजनिक कर उन्हें नोटिस दिये जायेगें तथा वसूली भी की जायेगी। सरकार ने अपात्रता की स्पष्ट परिभाषा भी तय की है। सरकारी सेवा में कार्यरत सदस्य वाले, आयकरदाता, और चारपहिया वाहन रखने वाले परिवार खाद्य सुरक्षा के दायरे से बाहर रहेंगे। अभियान की सफलता के लिए विभागीय निगरानी भी कड़ी की गई है। संबंधित अधिकारियों को फील्ड में साप्ताहिक और पाक्षिक प्रवास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया और स्थानीय भाषाओं में व्यापक प्रचार–प्रसार कर जनता को जागरूक किया जा रहा है।

''गिव अप अभियान'' केवल प्रशासनिक कार्यवाही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रतीक बन गया है। सक्षम लोगों का त्याग और जरूरतमंदों की खुशी ही इस पहल की असली ताकत है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह निर्देश कि जरूरतमंदों को योजना से जोड़ो और अपात्रों को हटाओ अब जमीन पर हकीकत बन रहा है। यह अभियान न सिर्फ राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल है। इस मॉडल से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि अगर प्रशासन और समाज मिलकर काम करें, तो कोई भी गरीब अपने हक से वंचित नहीं रह सकता।

**सुमित गोदारा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री, राजस्थान सरकार**

# सहज, सरल और सुलभ न्याय पर खरे उतरते तीन नए कानून



नरेन्द्र कटारा

गुलामी की जंजीर तोड़ते तीन नए आपराधिक काननू इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाते हैं कि मोदी सरकार का यह ईज ऑफ जस्टिस की दिशा में अग्रगामी कदम है। तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही भारतीय दण्ड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया हैं। गुलामी की आपराधिक कानूनों में बदलाव की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी और खासबात यह कि उस संहिता की खामियों से वाकिफ होने के बावजूद उसमें बदलाव के लिए पूर्व सरकारें हिम्मत नहीं दिखा पा रही थी। जुलाई 24 में तीन काननू लागू करके प्रधानमंत्री नरेनद्र मोदी और गृह मत्री अमित शाह ने सरकार की इच्छा शक्ति दिखा दी वहीं देश में त्वरित न्याय की दिशा में लोगों के विश्वास को जीतने का प्रयास किया है। पुरानी व्यवस्था में समय पर बल्कि यह कहें कि न्याय पाना मुश्किल भरा काम था। न्याय के दर तक पहुंचना ही आम आदमी के लिए मुश्किल था। कभी कार्य क्षेत्र के चक्कर में पुलिस थानों में दर दर भटकना पड़ता तो एफआईआर लिखवाने तक मुश्किल भरा काम होने से आमजन में विश्वास के स्थान पर भय के हालात ही देखने को मिल रहे थे। ऐसे में नये काननू आपराधिक न्यायप्रणाली में बदलाव की दिशा में बढ़ता कदम होने के साथ ही प्रगतिशील कदम माना जा रहा है।

गृहमंत्री अमित शाह ने 13 अक्टूबर को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में स्पष्ट संदेश दिया कि नई कानून व्यवस्था से आपराधिक न्याय प्रणाली न्याय से प्रेरित होने के साथ ही शीघ्र और समय पर न्याय मिलने के दिशा में बढ़ता कदम बन गया है। तीन साल में न्याय की व्यवस्था के साथ ही लोगों में विश्वास जगाने का यह सफल प्रयास है। अभी साल भर पहले ही पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने में ही एड़ी चोटी का जोर और सिफारिशें लगाने की आवश्यकता होती थी तो नए कानून में व्यवस्था को सरल, सहज और तार्किक स्टेज तक बनाने वाली बनाया गया है। नए कानून में जीरो एफआईआर की व्यवस्था है यानी कि आप किसी भी थाने में कहीं पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई भी थानाधिकारी आपके रिपोर्ट लिखने से मना नहीं कर सकता। कार्यक्षेत्र का बहाना नहीं चल सकता। जीरो एफआईआर का मतलब यह है कि एफआईआर दर्ज हो जाएगी और फिर संबंधित थानें में उसे कार्रवाई के लिए भेज दिया जाएगा। इसी तरह से थानों के चक्कर लगाने से मुक्ति का प्रावधान भी नए कानून में होने से ऑनलाईन शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था है।

यदि किसी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है तो गिरफ्तार व्यक्ति को अपने किसी एक परिचित को इसकी सूचना देने का अवसर दिए जाने की व्यवस्था की गई है। एफआईआर की प्रति प्राप्त करना तो आसान कर ही दिया गया है। फारेसिंक साक्ष्य जुटाने के प्रावधान है तो अपराध पर अंकुश के लिए एआई के उपयोग की व्यवस्था भी है। त्वरित न्याय के लिए 3 साल की समय सीमा तय की गई है। नए कानूनों से महिलाओं और बच्चों में न्याय की नई आश जगी है। कानून में महिलाओं और बच्चों को लेकर अपराध पर गंभीरता दिखाई गई है।

दरअसल 13 अक्टबू र को जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने साफ कर दिया है कि यह भारतीय जनता पार्टी का आपराधिक न्यायिक प्रणाली की दिशा में बड़ा कदम है। अब तक औद्योगिक विकास क लिए ईज ऑफ डूइंग की बात की जाती रही है। दुनिया के देशों का यही ट्रेंड रहा है पर भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने इस दिशा में बडी पहल करते हुए ईज ऑफ जस्टिस की ना केवल बात की है बल्कि उसे धरातल पर उतारा है। कानूनों में बदलाव कोई एक दिन या एक आदमी के दिमाग की उपज ना होकर भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने देश के इस क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, गृह विभागों के नए पुराने अधिकारियों व विशेषज्ञों और कानूनी विशेषज्ञों के साथ ही जानकारों के साथ गहन मंथन किया है। देश–दुनिया के देशों के कानूनों का भी अध्ययन और मंथन किया गया। साफ होना चाहिए कि बदलते समय के साथ अपराध और अपराध की प्रकृति में भी बदलाव आता है। ऐसे में गुलामी के कानूनों को बदलने की रिस्क भारतीय जनता पार्टी और गहमंत्री अमित शाह ने लेकर देश में न्यायिक व्यवस्था को सरल, सहज और सुलभ बनाने की दिशा में पहल की है।


जयपुर में आयोजित कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस कार्यक्रम में पुलिस–प्रशासन से जुड़े लोगों के साथ ही कानूनविदों, युवाओं और कानून का अध्ययन कर रहे छात्रों को भी जोड़ने के साथ ही सहज और आसानी से समझ में आने वाली प्रदर्शनी के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी देने का भी सफल और सार्थक प्रयास किया गया है। साफ है कि नए कानून तैयार करना और इन्हें लागू करना देश के कानून इतिहास में बड़ा परिवर्तनकारी प्रयास रहा है। अब पुलिस प्रशासन और कानूनविदों का दायित्व हो जाता है कि नए कानूनों की भावना के अनुसार आमआदमी को राहत प्रदान कराएं और पुलिस थाने वास्तव में लोगों के भरोसे का केन्द्र बने और न्याय के मंदिर अपराधियों को सजा और निर्दोशों को राहत के साथ ही आमनागरिकों को पुलिस और न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास जगा सके। अभी नए कानूनों को लागू हुए एक साल से कुछ अधिक ही समय हुआ है और देशभर में ओरिएंटेशन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अवेयर भी किया जा रहा है। इससे आमलोग थानों में जाने से डरेंगे नहीं और सरकार के इकबाल पर भरोसा कायम होगा।

**–नरेन्द्र कटारा, भाजपा प्रवक्ता, एडवोकेट राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर**

# मानपुरा मार्ग से दौलपुरा तक एक करोड़ की लागत से बनी सड़क एक साल में जर्जर

**माण्डलगढ़,** (निसं)। माण्डलगढ़ उपखण्ड में मानपुरा मार्ग से दौलपुरा तक एक करोड़ रुपये की लागत से बनी डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क घटिया निर्माण के चलते कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई हैं। सड़क पर जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं, डामर उखड़ चुका है और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इस जर्जर सड़क पर गत दिनों उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल के साथ प्रशासन के कई अफसरों ने सफर किया था, लेकिन सड़क के हालात बदतर होते जा रहे हैं।

मानपुरा और दौलपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2024 में डीएमएफटी फंड से एक करोड़ से अधिक राशि की लागत से डेढ़ किलोमीटर मार्ग पर डामर और सीसी से सड़क को बनाया गया था। निर्माण के दौरान किसी भी विभागीय इंजीनियर ने पर्याप्त निरीक्षण तक नहीं किया और विभाग के ठेकेदार ने स्थानीय एक व्यक्ति से घटिया सामग्री से सड़क निर्माण कराया। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अफसरों और ठेकेदार पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।



**माण्डलगढ़ के दौलपुरा मार्ग पर एक करोड़ की लागत से बनी सड़क डामर एक साल में ही उखड़ गई।**


ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया। बारिश का मौसम आते ही सड़क की डामर परत उखड़ गई और मिट्टी गिट्टी बाहर आने लगी। लोगों का आरोप है कि विभागीय अफसरों की मिलीभगत से ठेकेदार ने सरकारी राशि का दुरुपयोग किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क से गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की उम्मीद थी, लेकिन निर्माण के कुछ महीनों बाद ही सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई। अब यह सड़क हादसों का कारण बन चुकी है। लोगों ने सरकार और जिला प्रशासन से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

मानपुरा और दौलपुरा के ग्रामीणों की मांग है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाए और ठेकेदार और संबंधित अफसरों पर कार्रवाई हो, सड़क की पुनर्निर्माण प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कराई जाए।

इस मामले में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अफसरों से जानकारी मांगी गई तो पल्ला झाड़ते नजर आए और एक दूसरे पर जिम्मेदारी तय करते रहे।

- **सड़क में घटिया निर्माण पर अफसरों व ठेकेदार पर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए**
- **सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, डामर उखड़ चुका है, वहीं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**
- **मामले में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अफसरों से जानकारी मांगी गई तो पल्ला झाड़ते नजर आए**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 15 अक्टूबर, 2025**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, पुष्य नक्षत्र दिन 12:00 तक, साध्य योग रात्रि 2:57 तक, गर करण दिन 10:34 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–तुला, बुध–तुला, गुरू–मिथुन, शुक्र–कन्या, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज ज्वालामुखी योग दिन 12:00 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 10:35 से आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ अमृत सूर्योदय से 9:21 तक, शुभ 10:47 से 12:13 तक, चर 3:04 से 4:30 तक, लाभ 4:30 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:30, सूर्यास्त 5:55

**मेष**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धन लाभ हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार और प्रयास हो सकते हैं।

**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण आवश्यक कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

## संक्षिप्त

### रंगरोगन के लिए बजट की मांग

**दौसा।** आरपीएससी शिक्षक फोरम ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर शहरी क्षेत्र में स्थित प्राथमिक शिक्षा के विद्यालयों के लिए रंग-रोगन हेतु बजट आवंटन की मांग की है। फोरम के जिला अध्यक्ष प्रह्लाद फाटक्या ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में किसी भी प्रकार का बजट आवंटित नहीं होता है, जिससे वे रंग-रोगन, मरम्मत आदि कार्य संपादित नहीं कर सकते है।

### शिविर आज

**दौसा।** राज्य सरकार की ओर से आमजन को एक ही स्थान पर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने और जनसमस्याओं का निस्तारण करने के लिए चलाए जा रहे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत 15 अक्टूबर, बुधवार को विभिन्न नगर निकाय मुख्यालयों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### आठ प्रतिष्ठानों पर की जांच

**कोटपूतली।** उपभोक्ताओं को सही माप-तौल के अनुसार सामग्री उपलब्ध करवाने एवं माप-तौल में धोखाधड़ी पर नियंत्रण के लिए जिला रसद अधिकारी शशिशेखर शर्मा के निर्देशन में प्रवर्तन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह एवं विधिक माप विज्ञान अधिकारी रमन यादव के द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान बहरोड़ शहर एवं नीमराना में 8 प्रतिष्ठानों में माप तौल यंत्रों की जांच की गई, जिसमें निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर 3 प्रतिष्ठानों पर 10 हजार का चालान बनाया गया। कार्रवाई के दौरान लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के तहत बहरोड़ के हिंदुस्तान डिपार्टमेंटल स्टोर पर 2 हजार, घीलोट के संपूर्णा फूड इंडस्ट्रीज पर 6 हजार एवं नीमराना के खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी पर 2 हजार के चालान बनाए गए।

### नई कार्यकारिणी गठित

**नदबई भरतपुर।** नदबई कस्बा स्थित निजी आवास पर चुनाव प्रभारी अशोक शर्मा की मौजूदगी में राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें हरिओम लवानिया को अध्यक्ष, अंकुर जिंदल मंत्री, रामविजय सभाध्यक्ष, कपिलदेव लवानिया कार्यकारी अध्यक्ष, मंजू शर्मा महिला सभाध्यक्ष, रामकरन मीणा कोषाध्यक्ष, नन्दलाल प्रवक्ता, नीरज सिंह उपाध्यक्ष, मिथलेश शर्मा महिला उपसभाध्यक्ष, संध्या अग्रवाल महिला उपाध्यक्ष, मोनिका शर्मा महिला संगठन मंत्री, अनुपमा डागुर सहसंगठन मंत्री, यशपाल सिंह व नन्दलाल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। बाद में महिला प्रदेश मंत्री पूनम चतुर्वेदी व राजेन्द्र जिलेदार के नेतृत्व में शिक्षकों ने संगठन की मजबूती को लेकर एकजुट होने का संकल्प लेते हुए नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

### 2 दिवसीय वार्षिक उर्स सम्पन

**मनोहरपुर।** जयपुर शहर में दो रोजा उर्स हाजिद वाहिद हुसैन मिया राहत मिस्कीनी और सूफी शब्बीर मिया साबरी चिश्ती का दो रोजा उर्स मनाया गया उर्स की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई और कव्वाल पार्टियो ने सूफियाना कलाम पेश किये महबूब अशरफी मिया की निगरानी में उर्स का आगास हुआ जिसमें सभी धर्मों के लोगो ने शिरकत की सूफी मिशन के अध्यक्ष सैयद आबिद अली चिश्ती फरीदी और अमीन भाई समाज सेवी, फहीम भाई, ऐजाज भाई, फैयाज भाई, मुबीन भाई, शाहरुख भाई, जावेद भाई, मोहसिन भाई, फैसल भाई, अज़हर भाई, रिजवान भाई, हसन बेग, सलीम भाई और सभी अशरफी काफिले ने शिरकत की।

### बैठक में अनेक निर्णय लिए

**राजगढ़।** कस्बे के सामुदायिक चिकित्सालय की मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित हुई। क्षेत्रीय विधायक मांगे लाल मीणा एवं उपखंड अधिकारी सीमा मीणा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में अनेक जन कल्याण के निर्णय पर चर्चा हुई। सामुदायिक चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा एवं जन कल्याण को लेकर अनेक निर्णय लिए गए। बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश मीणा ने अस्पताल में व्याप्त समस्याओं एवं समाधान के बारे में बिंदुवार ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में प्रतिदिन 1हजार से अधिक से अधिक मरीजों की संख्या को देखते अतिरिक्त सीबीसी मशीन की व्यवस्था, आवास व्यवस्था एवं फायर सिस्टम सहित अन्य सुविधाओं को लेकर विस्तार से विचार विमर्श हुआ।

# विकसित भारत का आधार आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भरता का आधार है स्वदेशी : रामहेत

▪ भाजपा कार्यालय पर देश में चल रहे स्वदेशी अपनाओ, अन्तनिर्भर भारत, जीएसटी बचत अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया

**किशनगढ़ बास।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल किशनगढ़बास द्वारा भाजपा कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में चल रहे स्वदेशी अपनाओ, अन्तनिर्भर भारत, जीएसटी बचत अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की शुरूआत अतिथियो द्वारा महापुरूषो के चित्रो पर पुष्पांजली कर की गई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य किशनगढ़ बास पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव रहे तथा अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, जिला महामंत्री अनूप यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष उमेश कान्त वशिष्ठ, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश भडाणा रहे।

इस अवसर पर कार्यशाला में जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमो को बूथ लेवल पर लोगो को कृषि, विद्युत और अन्य दैनिक उपयोगी सामानो पर जीएसटी छूट के बारे में बताया जायेगा, जिससे लोगो को पता चल सके कि भाजपा की मोदी सरकार ने जनता को सीधा फायदा पहुंचाया है।

उन्होंने कहा लोगो को स्वदेशी वस्तुओ अपनाओ को लेकर प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने कहा कि सांसद भूपेन्द्र यादव ने ईआरसीपी परियोजना में खैरथल-तिजारा व कोटपूतली-बहरोड़ को जुड़वाया है। इस योजना में 4 बडे बांधो का निर्माण होगा। जिससे लोगो के पेयजल की समस्यां का समाधान भी होगा।

कार्यशाला में भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि दीपोत्सव का त्यौहार आ रहा है इस त्यौहार पर हम स्वदेशी सामान खरीदे। जिस किसी से मिले स्वदेशी अपनाने की बात करे जिससे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर स्वदेशी भारत अभियान को सम्बल मिले और भारत देश आत्मनिर्भर हो सके।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने जीएसटी में भारी छूट दी है जिससे लोगो को सीधा फायदा दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता यदि 2-2 बूथो पर ये कार्यशाला करवाये तो लोगो को पता चलेगा की भाजपा सरकार उन्हें हितो के लिए काम कर रही है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के नेता भाजपा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसी भी शक्तिशाली राष्ट्र के सामने झुकने वाले नही है बल्कि वे अपने देश को आत्मनिर्भर बनाकर महाशक्ति बनाने के लिए तत्पर है। इसके बाद जिला महामंत्री अनूप यादव ने कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को स्वदेशी अपनाने के लिए शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के अंत में मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल ने कार्यशाला में पधारे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन मण्डल उपाध्यक्ष व पार्षद तेजसिंह सैनी ने किया। इस दौरान कार्यशाला में सरपंच प्रताप यादव, अशोक कुमार, रामजीत गुर्जर, स्वर्णलाल, पूर्व सरपंच भोलाराम शर्मा, कृष्ण यादव, रहमत खां मेवाती, एमपीएस जितेन्द्र सिंह, जसवंत यादव, संतोष गोयल, विनोद मिश्रा, संजय गोयल, सुगन गुर्जर, अनिल कुमार, प्रकाश प्रजापत, रामदयाल पंच, संजय भेडी, शिवहरि गुर्जर, रिंकेश गुप्ता, बस्तीराम यादव, रामस्वरूप यादव, सुरेश यादव, रमेश जांगिड़, गुरूदत्त यादव, लालचंद यादव, हेमेन्द्र चौधरी, धर्मेन्द्र हरवानी, सीताराम सैनी, हीरू हरवानी, भजनलाल गुर्जर, अजय योगी, मोहित बसवाल, भवानी सिंह, शिवचरण यादव, रज्जाक खां, अमरसिंह सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक कार्यशाला में मौजूद रहे।

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दौसा।** जिला परिषद सदस्य मेघराज नांदरी के नेतृत्व ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौपकर सिकराय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में खाद की कालाबाजारी रोकने एवं नकली बीज बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

जिला परिषद सदस्य मेघराज नांगरी ने बताया कि सिकराय विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहराण्डा, कडी की कोठी में खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है, किसानो को उच्च दर पर खाद बेचा जा रहा है, जिसकी कोई रसीद तक नही दी जाती है। उन्होंने बताया कि किसानों को नकली दवा, बीज भी बेचे जा रहे है, जिसका भी संबंधित दुकानदार द्वारा बिल नही दिया जाता है। नकली बीज एवं दवा की शिकायत करने पर दुकानदार द्वारा अभद्रता की जाती है तथा किसानों पर आरोप लगाया जाता है कि जमीन उपजाऊ नही है।

# अग्निवीर भीमसिंह शेखावत का सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार

▪ शहीद का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ

**पावटा।** पावटा क्षेत्र के भोनावास गांव का अग्निवीर भीमसिंह शेखावत 70 दिन पहले उत्तराखंड के धारोली हर्षिल में बादल फटने की घटना के बाद लापता हो गया था। लंबे इंतजार के बाद अब जाकर शव सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद हुआ। डीएनए टेस्ट के जरिए उनकी पहचान की गई व जिसके बाद भारतीय सेना ने अधिकारिक रूप से परिजनों को इसकी सूचना दी, जहां पहचान होने के बाद सेना की टुकड़ी के साथ अग्निवीर भीमसिंह का पार्थिव देह तिरंगे में लिपटा हुआ प्रागपुरा थाना पहुंचा, जहां सैकड़ों ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा निकाल उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई देते हुए पार्थिव शरीर को भोनावास गांव तक पहुंचाया।

यात्रा के दौरान हर ओर भारत माता की जय, शहीद भीम सिंह अमर रहे जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। शहीद भीम सिंह के शव को लेकर सेना की टुकड़ी जैसे ही गांव में पहुंची तो ग्रामीणों ने शहीद भीम सिंह अमर रहे के नारे लगाए। शहीद भीम सिंह का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो शहीद भीम सिंह की पत्नी किरण देवी समय दादा दान सिंह, दादी तोफा कंवर, मां विनोद कंवर, पिता महेश सिंह और बड़े भाई कंवर पाल सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अग्निवीर का सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव भोनावास में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले वीर सिंह सूबेदार मेजर व नौ जवानों की टीम ने शहीद भीम सिंह को सलामी दी। अंतिम संस्कार में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसूर विधायक देवीलाल, विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़, जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई, पुलिस उपाधीक्षक विराटनगर शिप्रा राजावत सहित नेता, जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी पहुंचे।

उन्होंने शहीद जवान को अंतिम सलामी दी और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी, सेना के जवान और आमजन उपस्थित रहे। वहीं अग्निवीर भीमसिंह के पार्थिव शरीर को उनके बड़े भाई कंवरपाल द्वारा मुखाग्नि दी गई।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविर में प्रदेश में अग्रणी रहा कोटपूतली

**कोटपूतली।** राजस्थान सरकार के भू-प्रबंध आयुक्तालय, जयपुर द्वारा जारी आदेशानुसार फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के दौरान फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति हेतु संस्थागत प्रोत्साहन योजना (मोटीवेशन स्कीम) के तहत 31 जुलाई 2025 तक उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों, उपखंडों और तहसीलों को सम्मानित किया जाएगा। अप्रैल के आधार पर जिला, उपखंड एवं तहसीलों की रैंकिंग की गई है। व्यक्तिगत पुरस्कार योजना में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले जिलों, उपखंडों एवं तहसील का चयन किया गया है। योजना के तहत न्यूनतम 92.5 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त करने वाले 41 जिलों में अप्रैल के आधार पर रैंकिंग अनुसार प्रत्येक जिले के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले पात्र कुल 29 तत्कालीन उपखंड अधिकारियों का चयन हुआ है।

## छात्राओं को सामाजिक उत्पीड़न से बचाने के लिए जानकारी प्रदान दी

▪ एडवोकेट सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी लड़की के साथ रास्ते में छेड़छाड़ या बदसलूकी होती है, तो वह तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर सकती है

**चाकसू।** राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण"में चाकसू कोर्ट के एडवोकेट सुनील शर्मा ने छात्राओं को न केवल मनचलों से बलिक अपने साथ होने वाले यौन उत्पीड़न और अन्य सामाजिक उत्पीड़न से अपने आप को बचाने के लिए कानून संबंधी जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण की प्रभारी डॉ. आशा सुनारीवाल ने बताया कि एडवोकेट सुनील शर्मा ने छात्राओं को कानून संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी लड़की के साथ रास्ते में छेड़छाड़ या बदसलूकी होती है, तो वह तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर सकती है। यह आपातकालीन हेल्पलाइन है। जहां से पुलिस सहायता मिल सकती है। इसके अतिरिक्त वह 181 महिला हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल कर सकती है। इसके अतिरिक्त आप 1090 डायल करके भी पुलिस की हेल्प ले सकती हो। राजकोप सिटिजन एप डाउनलोड करके भी आप पुलिस की हेल्प ले सकती हो।

लड़कियों को परेशान करने पर भारतीय दंड संहिता() की कई धाराएं लागू होती है, जो किए गए कृत्य की प्रकृति पर निर्भर करती है जैसे छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, यौन टिप्पणियां करना, (धारा 354 ए) छात्राओं का पीछा करने में (धारा 354 )लागू होती है।

अश्लील गाने गाना, टिप्पणियां करना, इशारे करने यह (धारा 294) लागू होती है अपराधिक धमकी देने पर (धारा 506) लागू होती है। इन धाराओं के तहत अपराध के आधार पर करावास, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। इन सब कानूनी धाराओं के अतिरिक्त आपने छात्राओं को अपने आप को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत होने की बात कही। वर्तमान समय को देखते हुए छात्राओं को मार्शल आर्ट के गुर सीखने पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजूलता शर्मा ने किया डॉ. अनुराधा शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।

## जायजा लिया

**भरतपुर।** मुख्यमंत्र भजनलाल शर्मा के शनिवार 18 अक्टूबर को नदबई में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सहकारिता मंत्री गौतम दक ने मंगलवार को नदबई कृषि उपज मंडी में सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को समयबद्ध और सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री ने सभा स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की सभा में आने वाले आमजन की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभा स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त होनी चाहिए ताकि कार्यक्रम सुचारू और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

सम्मेलन के दौरान प्रदेश के लगभग 75 लाख किसानों के बैंक खातों में किसान सम्मान निधि की पहली किस्त सीधे ट्रांसफर की जाएगी। यह पहल राज्य सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। योजना किसानों की आय को बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बिना नोटिस दिए अतिक्रमण हटाने का आरोप

▪ नगरपालिका अमले ने पावटा कस्बे के सुभाष चौक पर बिना व्यापारियों को सूचना दिए दुकानो के आगे हुए अतिक्रमण को तोड़ दिया

**पावटा।** प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा हटाए जा रहे अतिक्रमण का व्यवसायी विरोध कर रहे हैं। कारोबारियों ने पालिका के कर्मचारियों पर बिना नोटिस दिए कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। आगामी त्यौहारों को देखते हुए पालिका प्रशासन द्वारा सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग व व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमणों को लेकर सोमवार की रात नगरपालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने की मुहिम चलाते हुए नगरपालिका अमले ने पावटा कस्बे के सुभाष चौक पर बिना व्यापारियों को सूचना दिए दुकानो के आगे हुए अतिक्रमण को तोड़ दिया है।

पालिका की इस कार्रवाई से व्यापारी खासे नाराज है। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका बिना नोटिस के अचानक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों ने भी नगरपालिका पर गंभीर आरोप लगाए है। दुकानदारों की मानें तो पालिका कर्मचारी छोटा मोटा कारोबार करने वाले कारोबारियों को ही परेशान कर रहे है। जिसे लेकर मंगलवार सुबह व्यापारियों ने एकजुट होकर पालिका की कार्यवाही के प्रति विरोध जताया व धरना प्रदर्शन किया। वही व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठा बंद रखे। वही व्यापारियों द्वारा धरना प्रदर्शन की सूचना पर तहसीलदार लोकेंद्र मीणा मौके पर पहुंचे व जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों की समस्या को सुन पालिका की इस कार्यवाही को लेकर जांच करने का आश्वासन दिया। जिस पर व्यापारियों द्वारा धरना प्रदर्शन समाप्त कर प्रतिष्ठान खोले गए। वही नगरपालिका ईओ फतेह सिंह मीणा का कहना है कि नाला बनाते समय इन व्यापारियों को पहले भी हिदायत दी गई थी। उसके बावजूद इनको दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया। उसके बाद हमने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। आगे जहां नाला बना है उस पर कोई भी अतिक्रमण होगा उसको हटाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, सामाजिक कार्यकर्ता ओ बी बायला, भाजपा नेता कन्हैयालाल मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश मीणा, सुरेश शर्मा, अरुण कुमार, महावीर चावला सहित व्यापारीगण मौजूद रहे।

## बैठक आयोजित

**अलवर।** संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अलवर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक रामगढ़ एवं गोविन्दगढ़ - बड़ौदामेव की बैठक आयोजित की गई।

कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी ऑब्जर्वर सलीम अहमद, विशिष्ट अतिथि के रूप में पीसीसी ऑब्जर्वर सुमित गर्ग, पूर्व विधायक श्रीमती साफिया जुबेर खान एवं जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष योगेश मिश्रा उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए एआईसीसी ऑब्जर्वर सलीम अहमद ने कहा कि कांग्रेस का यह संगठन सृजन अभियान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने और पार्टी को निचले स्तर तक मजबूत करने का एक जनांदोलन है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी एक नए जन-आधारित, लोकतांत्रिक और पारदर्शी ढांचे की ओर बढ़ रही है, जिसमें हर कार्यकर्ता की आवाज सुनी जाएगी। पीसीसी ऑब्जर्वर सुमित गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकता और निष्ठा से आती है।

# 'स्कूल के पास तंबाकू बेचने वालों पर एक्ट के तहत कार्यवाही कर जागरूक करें'

▪ टोबैको फ्री यूथ कैंपियन 3.0 के पोस्टर का विमोचन कर युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए

▪ खैरथल जिला सचिवालय पर आयोजित हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अनेक बिन्दुओं पर दिए कलेक्टर ने निर्देश

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सुचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र एवं राज्य की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने टोबैको फ्री यूथ कैंपियन 3.0 के पोस्टर का भी विमोचन कर अधिकारियों को इस संबंध में युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही कर अधिक से अधिक चालान करने के निर्देश दिए ताकि शिक्षा परिषद के आसपास तंबाकू के उत्पादों की बिक्री ना हो। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग से संबंधित फ्लैगशिप योजना को सही ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए, उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना सहित विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए जिले में ओपीडी संख्या की जानकारी लेते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें।

उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाएँ बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, एसीएफ वन विभाग संजय चैधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्राण घातक हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बौंली -बामनवास।** खेत से चारे का भरोटा लेकर आ रहे युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी रामकिशन गुर्जर उम्र 28 वर्ष निवासी राठौद को बौंली थाना पुलिस ने मंगलवार, सांगानेर जिला जयपुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को भरत लाल गुर्जर उम्र 32 वर्ष निवासी राठौद ने पर्चा बयान देकर बताया था कि मैं अपने खेत से सुबह करीब 9:30 बजे चारे का भारा लेकर आ रहा था, रास्ते में आरोपी रामकिशन व राकेश गुर्जर निवासी राठौद बाइक लेकर मेरे पीछे-पीछे आए, जिन्होंने अपने घर के सामने आकर मुझे रोक लिया, तथा रामकिशन ने मुझे कुल्हाड़ी से काट दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया, आरोपी घटना के दिन से ही गांव से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश के लिए थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम की गई, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 12 अक्टूबर रात्रि को आरोपी रामकिशन गुर्जर को वाटिका, सांगानेर जिला जयपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## सार-समाचार

### अवैध फायर आर्म्स रखने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कोटपूतली।** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश द्वारा असामाजिक तत्वों की धरपकड़, गिरफ्तारी व लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत कार्यवाही हेतु थाना स्तर पर चलाये गये एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने अवैध फायर आर्म्स हथियार रखने वालों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालो के खिलाफ अधिक से अधिक एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हेतु एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में एसएचओ राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा अवैध गतिविधियां की चैकिंग एवं बदमाशों की निगरानी करते हुये अभियुक्त तेजभान उर्फ खत्री (22) पुत्र रामकरण गुर्जर निवासी बालाजी मंदिर के पास पनियाला थाना के कब्जे से 01 देशी पिस्टल व 05 जिन्दा कारतूस जप्त कर अभियुक्त तेजभान उर्फ खत्री के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया गया। मुलजिम से जप्तशुदा अवैध हथियारों के सम्बन्ध में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में कानि. विक्रम की विशेष भूमिका रही।

### गुमशुदा वृद्ध पति को तलाश कर पत्नी को सौंपा

**सांभरझील।** स्थानीय पुलिस ने गुमशुदा बुजुर्ग व्यक्ति को महक 24 घंटे में ढूंढ कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया परिवारजनों के चेहरे खिल उठे। परिजनों ने थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव व इस काम में मदद करने वाले पुलिस कर्मियों को दुआएं दी। पुलिस ने बताया कि परिवादिया श्रीमती धापू देवी पत्नी लादूराम जाति जाट उम्र 74 साल निवासी काजीपुरा थाना सांभरलेक जिला ने सोमवार को उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका पति लादूराम पुत्र मंगलाराम जाति जाट निवासी काजीपुरा तहसील फुलेरा दिनांक 12 अक्टूबर को सुबह मेरा पति घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था, जो अभी तक घर नहीं आया है। गुमशुदा की तलाश के संबंध मे तकनीकी सहायत ली जाकर व आसूचना संकलन कर गुमशुदा को भन्द्रे बालाजी से दस्तयाब कर उसके परिजनो को सुपुर्द करने मे सफलता प्राप्त की। गुमशुदा व्यक्ति अपनी पत्नि श्रीमती धापू देवी के साथ अकेला रहता था एवं गुमशुदा के कोई संतान भी नही है। इस प्रकार एक असहाय के लिए त्वरित कार्यवाही करते हुये महज 24 घण्टे दस्तयाब कर उसके परिजनो से मिलाया गया।

### सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को

**नारायणपुर।** अम्बेडकर कर्मचारी अधिकारी संघ की ओर से गुरुवार को अलवर रोड स्थित श्री श्याम आईटीआई कॉलेज के पास बलाई समाज का तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि समारोह में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 के दौरान 10वीं और 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, बीए और एमए में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राएं, सैनिक भर्ती और नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थी, 14 अक्टूबर 2024 से अब तक राजकीय सेवाओं में चयनित प्रतिभाएं तथा जिला और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित किए जाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे शिक्षा, खेल और सरकारी सेवाओं जैसे क्षेत्रों में अपनी भागीदारी और मजबूत कर सकें।

### डाकघरों में सुकन्या समृद्धि योजना खाता शिविर आज से ज़रुरी

**दौसा।** भारतीय डाक विभाग में 15 अक्टूबर से विशेष अभियान चलाकर डाकघरों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले जायेंगे। जयपुर देहात मण्डल के डाक अधीक्षक भूपेंद्र पाराशर ने बताया कि 15 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आजादी के इस अमृत वेला में सुकन्या समृद्धि महोत्सव डाक विभाग मना रहा है। सुकन्या समृद्धि योजनाओं के खातों को लेकर डाक विभाग के कर्मचारी राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे ग्रामीण राहत शिविरों में भी सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले जा रहे है। जयपुर देहात मण्डल के डाक अधीक्षक भूपेंद्र पाराशर ने आम जनता जनार्दन से अपील की है कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही इस जन कल्याणकारी योजना में खाता खुलवाकर अपनी लाड़ली बिटिया का उज्जवल भविष्य बनाएं। उन्होंने डाक विभाग के कर्मचारियों को इस जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक खाते खोलकर इस योजना को गांव गांव ढाणी ढाणी व घर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। तथा इसका अधिक प्रचार प्रसार करें।

### ब्लॉक स्तरीय पोषण मेले का आयोजन

**पावटा।** महिला एवं बाल विकास विभाग पावटा के तत्वावधान में अष्टम पोषण माह 2025 के अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय पोषण मेले का आयोजन किया गया। मेले पर उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अतिथियों के माल्यार्पण एवं सम्मान के पश्चात मुख्य अतिथि उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग कोटपूतली-बहरोड़, सतपाल यादव द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि पोषण अभियान राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कुपोषण मुक्त भारत को प्राप्त करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुपोषण के प्रति जागरूकता का प्रसार करना तथा समग्र स्वास्थ्य के प्रति एक उत्तम दृष्टिकोण विकसित करना है। सीडीपीओ संगीता कुमारी द्वारा बताया गया कि पोषण अभियान के अन्तर्गत स्वस्थ आदतों को विकसित करना तथा पोषण संबंधी समस्याओं को दूर किए जाने के संबंध में ध्यान केन्द्रित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अपने सम्बोधन में समस्त आंगनबाड़ी कार्मिकों को विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में शत प्रतिशत योगदान देने पर बल दिया। कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेड़ा में कार्यरत वरिष्ठ वैज्ञानिक सुपर्ण सिंह शेखावत द्वारा बताया गया कि खान-पान में शुद्धता का ध्यान रखना आवश्यक है।

### पशुपालकों को मिली बड़ी राहत

**शाहपुरा।** दीपावली से पहले पशुपालकों के लिए राहत भरी खबर आई है। पशुपालकों को मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के अंतर्गत लंबित अनुदान का भुगतान किया गया। गोरतलब है कि कांग्रेस विधायक मनीष यादव द्वारा सदन में एवं पत्र के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया था जिसके फलस्वरूप प्रदेश के लगभग 5 लाख पशुपालकों को लगभग 7 माह का अनुदान जारी किया गया है विधायक यादव ने कहा कि यह अनुदान प्रदेश के पशुपालकों के लिए आर्थिक संबल सिद्ध होगा और उन्हें दीपावली का त्यौहार भी खुशहाली के साथ मनाने में मदद करेगा। विधायक यादव ने कहा कि अब भी लगभग 2 माह का अनुदान बकाया है, जिसे शीघ्र जारी किया जाना आवश्यक है। विधायक यादव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि हर बार अनुदान भुगतान में देरी से पशुपालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि अनुदान भुगतान की प्रक्रिया को नियमित किया जाए, ताकि पशुपालकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके और उन्हें बार-बार गुहार नहीं लगानी पड़े। विधायक ने कहा कि यह योजना पशुपालन जैसे आजीविका के महत्वपूर्ण क्षेत्र में कार्यरत लाखों परिवारों के जीवन से सीधा जुड़ी है, अत: समयबद्ध भुगतान से ही इसका उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा।

### थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**मनोहरपुर।** कस्बे के मुख्य बाजार में परमानंद रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान पर हुई तोड़फोड़ और दहशत फैलाने की घटना को लेकर मंगलवार को व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर व्यापारियों ने बाजार बंद करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत कर समझाइश की। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने शांति बनाए रखी। जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व कस्बे के परमानंद रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान पर करीब 15 से 20 युवक लाठी-सरिए लेकर पहुंचे और दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। अचानक हुए इस हमले से बाजार में अफरा-तफरी मच गई थी। किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा।



## Savouring the Versatility of Mushrooms

National Mushroom Day, observed annually on October 15, shines a spotlight on one of nature's most versatile and nutritious foods. From earthy shiitakes to delicate button mushrooms, these fungi are celebrated for their rich flavors, culinary adaptability, and health benefits, including immune support and antioxidants. On this day, chefs, home cooks, and food enthusiasts explore creative ways to incorporate mushrooms into meals, from hearty soups and savory sautés to gourmet dishes. Beyond the kitchen, National Mushroom Day also highlights sustainable farming and foraging practices, encouraging appreciation for this humble ingredient that adds both taste and nutrition to our plates.



#RELEASE

# 'It's like they're family'

"We've been waiting two years for this moment, and now they're finally back."



Visitors at Hostage Square in Tel Aviv.

Tears and pride filled Hostage Square in Tel Aviv as all 20 living Gaza hostages were released after over two years of captivity, with praise for President Trump and boos for Netanyahu.

Press from the world over was present for this occasion, and the Israeli people present at the spot were held out the mike to register their reactions, some of which were shocking. One lady present did not have the usual expected reaction for the moment. While she does not know any of the hostages personally, she said it feels like she does. "We feel like we all know everyone and their families and their stories." "We've been waiting two years for this moment, and now they're finally back," said one.

"I'm very excited, but I won't be settled until I hear that they're all back. It's like they're family." Another of the girls said it is so much better being in Israel than in America at this moment: "In America, not everyone is appreciative of the fact that you're coming home, but you really feel it in the atmosphere here that everyone just wants them to. But not everyone in the world wants that, and that's a harsh reality. But here you really feel like you're a part of your family."

### Excited but scared

"Excited but scared" was how another woman described how she was feeling. She noted that the fate of some of the hostages is still uncertain, and also stressed that the suffering of the families right now is 'unimaginable.'

She thanked Donald Trump for his efforts to secure the deal.

In fact, praise for Trump was one of the standouts of the first release. When the President's name was mentioned on the livestream, the crowd erupted into mass cheers and woops. Similarly, when Air Force One landed, the crowd cheered.

No love was lost for Israel's Prime Minister in Hostage Square: his name was met with boos and jeers, bar a group of about three women yelling 'Bibi.'

"Do they not know it's the wrong forum for that," whispered a man in front of me, echoing the general anti-Netanyahu sentiment at the square. Terrorists from Hamas's Izzadin al-Qassam Brigades were not confirmed to be staging a formal 'hostage release ceremony' in Khan Yunis on Monday morning, despite social-media images that appeared to show a chair or platform at a potential handover point.

As of publication, major outlets covering the transfers reported the timing, locations, and International Committee of the Red Cross (ICRC) role, without confirming any ceremony.

Israeli and international reports on Monday morning described an operation beginning in southern Gaza under the broader exchange framework, with the ICRC facilitating the pickup of hostages and transfer to designated reception points. Coverage emphasized that the handover would take place at several locations under tight security and international oversight. Editors and commentators cautioned that Hamas could still film or otherwise exploit moments of the handover for propaganda, a pattern seen in previous exchanges.

### Hamas hostage ceremonies in previous release

During earlier exchanges this year, some handovers in Gaza were conducted in highly visible settings that drew criticism for appearing staged. That experience is driving caution among officials and newsrooms.

### Key conditions

The handover follows the IDF's full repositioning over the weekend, a key condition for activating the first tranche of the agreement. The government had simultaneously prepared a parallel list of Palestinian prisoners for release, with final approvals confirmed just ahead of implementation. Disputes over specific names and timing were resolved in recent days as part of finalizing the schedule. The hostages were abducted during the October 7, 2023 attacks and held for approximately 737 days as of October 13, 2025. The coordinated assault, which included infiltrations and widespread rocket fire on communities in southern Israel, triggered the war and set the stage for the current ceasefire and exchange framework.



Hamas appears to set up chair for a hostage handover ceremony, October 13, 2025.

# 'So why does the Left hate Netanyahu so much?'



When one dares compare the transformation that he (Netanyahu) has undergone with that of Turkish President Recep Tayyip Erdogan, he is insulted, failing to see the similarities. Speaking of myself, I can say that since 1988, when Netanyahu first entered politics as a young, dashing and impressive novice, who seemed to bring a breath of fresh air into our rather staid political arena, I have progressively turned from an impressed observer into an increasingly worried one, with growing negative personal feelings. The first event that left me feeling disgusted and personally offended was in 1997, when Netanyahu was recorded whispering to the old Rabbi Yitzhak Kaduri: "The left-wingers have forgotten what it means to be Jews." My immediate reaction was: "I have not forgotten what it means to be a Jew - you, sir, have forgotten what it means to be a mensch."

● Bulbul Joshi

Day before yesterday saw what the world had been waiting to witness with bated breath. It should happen, the rest of us thought, even if a major operator in this effort is our hated 'Trump.' This one we are ready to appreciate!

But lo and behold! Israel has an opposition! And just like any opposition that any government has! Operative, sometimes any which way. While the Israeli parliament was congratulating each other on a tough win, almost tearfully, and all could appreciate it, they were not fighting just the Hamas, they were fighting a huge part of the world to stay in command of their land, at least till 'the large portion of the world' wisely acknowledged that this is the correct truth. That sanctified moment saw what the world is made up of, and some of it is opposition. So, we need to know what they had against this win, rather Natenyahu.

**'Though I do not deny Netanyahu's many economic and political achievements, I shall be happy to see the Netanyahu era comes to an end.'**

The above headline is the title of an article that appeared in the most recent issue of Ha-Umma, an intellectual right-wing quarterly edited by Yossi Ahimeir, written by one of the coeditors of Maariv, Doron M. Cohen, in Israel. Cohen argues that in Israel, there are both right-wing religious messianics, who strive for Greater Israel, and left-wing secular messianics, who strive for the Two-State Solution. Both groups of messianics hate Prime Minister Benjamin Netanyahu, each for its own reason. The first, because while Netanyahu talks of annexing Judea and Samaria, he has in fact given the Palestinians large chunks of Eretz Yisrael and has failed to annex any of the territories liberated/occupied in 1967.

> The second, because while Netanyahu has spoken of the two-state solution (under certain conditions), he has, in fact, acted to ensure that such a solution will become impossible. According to Cohen, the Left hates Netanyahu for killing the two-state solution, and for causing the assassination of he who bore the message of this solution, Yitzhak Rabin. In Cohen's view, Netanyahu is, in fact, an anti-messianic leader, a true realpolitik leader, whose main concern is Israel's survival and prosperity.

The second, because while Netanyahu has spoken of the two-state solution (under certain conditions), he has, in fact, acted to ensure that such a solution will become impossible. According to Cohen, the Left hates Netanyahu for killing the two-state solution, and for causing the assassination of he who bore the message of this solution, Yitzhak Rabin. In Cohen's view, Netanyahu is, in fact, an anti-messianic leader, a true realpolitik leader, whose main concern is Israel's survival and prosperity. I believe his analysis is wrong. While it is true that the Left views



#WORLD VIEW




Netanyahu as an enemy of the two-state solution, and accuses him of responsibility for much of the anti-Rabin incitement leading up to November 4, 1995, these are certainly not the reasons why the Left hates or detests Netanyahu.

First of all, for the Left, the two-state solution is not a messianic dream, but rather a pragmatic evaluation that in the absence of some sort of two-state arrangement, the only alternative, long-term solution is annexation by Israel of the whole of western Eretz Yisrael, in which case Israel will cease to be a Jewish state with a Jewish majority, or cease to be a democratic state according to all the parameters of a democracy (majority rule, equal human and civil rights for all, etc.). The advocacy of the two-state solution is simply the less objectionable between two imperfect solutions, for both Israelis and Palestinians. Furthermore, the Left never considered Rabin a messiah. In fact, he did not advocate the two-state solution, and he certainly did not initiate the Oslo process. It wasn't even Shimon Peres who did so, but rather Yossi Beilin, who brought the outline of a plan to Peres first and Rabin second, which he and some colleagues had worked out



with several PLO personalities. It was adopted by both Labor leaders, who did not necessarily believe that it was feasible, but rather an opportunity that ought to be given an honest chance. In fact, history would not have forgiven them if they had not given this option a chance. Whether the attempt failed because of Netanyahu, the Palestinians or a certain naiveté of the Left, is difficult to tell. Netanyahu bears at least some of the responsibility.

And incidentally, though in his earlier days as a leader, one may have counted Netanyahu as a neoliberal realpolitik pragmatist, in the last three to five years, he is much more of an opportunist, whose first and foremost concern is how to avoid standing trial and facing justice over three serious charges of bribery, fraud and breach of trust. His prime purpose has been to preserve his right-wing religious bloc, which he believes will save his neck. If he were to believe that a left-center bloc would serve his interests, he would have acted completely differently.

The hatred/ detestation of Netanyahu originates elsewhere. It has to do with his personality and modus operandi: his stinginess and sponging on wealthy acquaintances and the state. It has to do with troubled relations with employees, both by his wife and himself. It has to do with his inclination to manipulate facts, both past and present, well before the term 'fake news' was invented by US President Donald Trump in 2016, and with increasing frequency he simply lies. It has to do with his total lack of respect for and libelous comments about his rivals, who he is inclined to view as personal enemies, as well as enemies of the state. At some point, he started to assume a Louis XIV stance, "l'etat, c'est moi." Now, he has gone on to depicting his rivals as mentally unstable crooks, even though it is he who has been indicted on serious charges, and mental instability is no stranger to his closest environment. Especially in the last few years, since his criminal investigations turned into charge sheets, and then indictments, his former support for the rule of law, effective gatekeepers and well-functioning democratic institutions seem to be evaporating into thin air.

> At some point, he started to assume a Louis XIV stance, "l'etat, c'est moi." Now, he has gone on to depicting his rivals as mentally unstable crooks, even though it is he who has been indicted on serious charges, and mental instability is no stranger to his closest environment. Especially in the last few years, since his criminal investigations turned into charge sheets, and then indictments, his former support for the rule of law, effective gatekeepers and well-functioning democratic institutions seem to be evaporating into thin air.

When one dares compare the transformation that he has undergone with that of Turkish President Recep Tayyip Erdogan, he is insulted, failing to see the similarities. Speaking of myself, I can say that since 1988, when Netanyahu first entered politics as a young, dashing and impressive novice, who seemed to bring a breath of fresh air into our rather staid political arena, I have progressively turned from an impressed observer into an increasingly worried one, with growing negative personal feelings. The first event that left me feeling disgusted and personally offended was in 1997, when Netanyahu was recorded whispering to the old Rabbi Yitzhak Kaduri: "The left-wingers have forgotten what it means to be Jews." My immediate reaction was: "I have not forgotten what it means to be a Jew- you, sir, have forgotten what it means to be a mensch." Since then, Netanyahu hasn't lost an opportunity to speak disparagingly of the Left, 'Hasmol,' with a hissing, or 'small,' equating it with weakness and treasonous conduct, and accusing it of loving Palestinians while hating religious Jews. As a proud left-winger, I take all this very personally, and my criticism of this man, the democratically elected prime minister of my state, has progressively turned into disgust and detestation.

No, I do not hate Netanyahu, I hate Yigal Amir, who assassinated Rabin, the antithesis of Netanyahu in most respects. I had the honor of meeting Rabin on several occasions, and had a lot of faith in and respect for the man. I detest Netanyahu for his personal traits, his audacity, and his pretension to speak in my name, as a Sabra and as a liberal Jew, when I reject much of what he says, does and stands for. Though, I do not deny Netanyahu's many economic and political achievements, I shall be happy to see the Netanyahu era comes to an end.

rajeshsharma1049@gmail.com



#FLOWER

# Our Very Own Hibiscus



## Medicinal Benefits of Hibiscus Varieties: Roselle, Red Hibiscus, Turk's Cap, and Cranberry Hibiscus

Hibiscus, a genus of flowering plants known for its vivid blooms, has long been celebrated not only for its ornamental value but also for its extensive medicinal properties. Among the most studied and widely used varieties are Roselle (Hibiscus sabdariffa), Red Hibiscus, Turk's Cap, and Cranberry Hibiscus. Each of these varieties possesses unique bioactive compounds and health-promoting qualities, making them valuable in traditional medicine and modern wellness practices.

Roselle, or Hibiscus sabdariffa, is particularly known for its deep red calyces, which are commonly used to prepare teas, jams, and herbal extracts. This variety is abundant in anthocyanins, polyphenols, flavonoids, and vitamin C, all of which contribute to its potent antioxidant activity. Traditionally, Roselle has been used across Africa, the Caribbean, and Asia to manage blood pressure, support kidney function, and aid digestion. Modern research supports these uses, showing that regular consumption of Roselle tea can help lower both systolic and diastolic blood pressure, reduce cholesterol levels, and promote heart health. Its high vitamin C content boosts immunity, while its mild diuretic properties assist in detoxification and maintaining kidney health. In addition, Roselle is linked to improved metabolism and weight management, making it a holistic aid for overall wellness.

Red Hibiscus, known scientifically as Hibiscus rosa-sinensis, has been revered in traditional systems such as Ayurveda and Chinese medicine for its benefits to hair, skin, and internal health. The plant contains significant amounts of flavonoids, anthocyanins, and organic acids, which impart strong antioxidant and anti-inflammatory properties.






Externally, red hibiscus extracts and oils have been used for centuries to promote hair growth, prevent premature graying, and condition the scalp naturally. Its applications in skincare are equally notable, with traditional preparations used to moisturize, heal minor wounds, and reduce signs of aging. Internally, red hibiscus supports digestion, improves liver function, and may help regulate blood sugar levels, offering both preventive and restorative health benefits.


Turk's Cap hibiscus, though less widely known, is increasingly valued for its medicinal potential. Rich in phenolic compounds, tannins, flavonoids, and saponins, this variety demonstrates pronounced anti-inflammatory, antimicrobial, and antioxidant effects. Traditionally, Turk's Cap has been used to manage fevers, minor infections, digestive disturbances, and skin conditions. Contemporary studies suggest that its bioactive components help combat oxidative stress, strengthen immune function, and support liver detoxification. Turk's Cap is also associated with enhancing vitality and overall resilience, making it a versatile addition to herbal wellness routines.

Cranberry Hibiscus (Hibiscus acetosella) combines aesthetic appeal with medicinal potency. Its vibrant, cranberry-like appearance and tart flavor make it a popular choice for teas and beverages. Cranberry Hibiscus is particularly rich in polyphenols, anthocyanins, and organic acids, which provide strong antioxidant and anti-inflammatory benefits. Traditionally, it has been used to support digestive health, alleviate bloating, and improve gut function. Scientific studies further indicate that it may help regulate blood pressure, support heart health, and contribute to liver and kidney detoxification. Emerging research also suggests potential anti-cancer properties, owing to its ability to reduce oxidative damage to cells.

Across all these varieties, hibiscus offers a combination of cardiovascular, digestive, liver, kidney, and skin benefits, along with immune support and metabolic advantages. Regular consumption in the form of teas, extracts, or supplements can enhance overall well-being while providing a flavorful, natural approach to health. However, it is important to note that hibiscus may interact with certain medications, particularly those for blood pressure or diabetes, and individuals with specific health conditions should consult a healthcare professional before integrating hibiscus into their daily routine.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman





राणा केवल गंभीर की वजह से भारतीय टीम में हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में इसलिए चुना गया क्योंकि हर्षित कोच की जी-हुजूरी करते हैं, इसलिए चुने गए।

- के. श्रीकांत

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, हर्षित राणा को चुने जाने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

### स्मृति मंधाना



मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में कई शीर्ष प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों ने ताज़ा आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। विशाखापट्टनम में शानदार 80 रनों की पारी खेलकर फॉर्म में लौटीं भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और शीर्ष पर अपनी मजबूत बढ़त बनाए हुए हैं। हालांकि, कई खिलाड़ियों ने मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के साथ अपनी स्थिति में सुधार किया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली भी शामिल हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** हाल ही में भारत में कई विश्व रिकॉर्ड बनाए गए हैं। इनमें क्रिकेट में टीम इंडिया द्वारा एक टेस्ट सीरीज़ में सबसे ज़्यादा बाउंड्री (470) लगाना शामिल है।

# राहुल का अर्द्धशतक, भारत का विंडीज को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराकर सीरीज 2-0 से क्लीन स्वीप



नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में मंगलवार को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। पांचवें दिन के खेल में उन्हें जीत के लिए सिर्फ़ 58 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने केएल राहुल के अर्धशतक की मदद से पांचवें दिन एक घंटे के भीतर ही हासिल कर लिया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपने दो विकेट गंवाने पड़े। दिन की शुरूआत में राहुल और साई सुदर्शन (39) आराम से लक्ष्य की तरफ़ बढ़ रहे थे। राहुल ने दिन के पांचवें ओवर में जोमेल वारिकन की गेंद पर आगे निकलकर मिड ऑफ के ऊपर से चौका लगाया और दिन की पहली बाउंड्री अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने खारी पिएर के ओवर में कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका भी हासिल किया।

वहीं सुदर्शन पूरी तरह शांत रहें और जब उन्होंने रॉस्टन चेज की एक फ़ुलर गेंद को ड्राइव लगाने की कोशिश की, तो गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और स्लिप में शाई होप ने दायीं ओर डाइव लगाकर एक बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद आए भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने चेज को निशाना बनाते हुए कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका लगाया, लेकिन उसी ओवर में एक और छक्का मारने के चक्कर में गेंद को हवा में खेल बैठे और जस्टिन ग्रीव्स ने मिडविकेट से पीछे दौड़कर एक ख़ूबसूरत कैच अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद आए ध्रुव जुरेल ने कोई गलती नहीं की। इस बीच राहुल ने वारिकन की गेंद को फ़ाइन लेग की ओर दो रनों के लिए खेल अपना अर्धशतक पूरा किया और वारिकन के अगले ओवर में मिडविकेट पर चौका मारकर जीत की औपचारिकता पूरी की। सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद भारतीय टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी।

संक्षिप्त स्कोर :भारत 518/5 और 124/3 (राहुल 58, सुदर्शन 39, चेज 2-36) ने वेस्टइंडीज़ 248 और 390 (कैंपबेल 115, होप 103, ग्रीव्स 50, बुमराह 3-44, कुलदीप 3-104) को सात विकेट से हराया।

## संजू सैमसन की केरल की रणजी टीम में वापसी

तिरुवनंतपुरम, 14 अक्टूबर। संजू सैमसन का नाम केरल की रणजी ट्रॉफी टीम में वापस आ गया है और इसके साथ ही उत्सुकता, उत्साह और शांत जिज्ञासा की लहर आ गई है। केरल 15 अक्टूबर से तिरुवनंतपुरम में अपने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले मैच में महाराष्ट्र का सामना करने के लिए तैयार है, ऐसे में विकेटकीपर-बल्लेबाज की लाल गेंद क्रिकेट में वापसी एक तरह से घर वापसी और सामंजस्य दोनों का प्रतीक है। संजू सैमसन को आखिरी बार प्रथम श्रेणी मैच खेले हुए लगभग एक साल हो गया है, उनका पिछला मैच कर्नाटक के खिलाफ था। पिछले एक साल में, उनका ध्यान मुख्य रूप से सफेद गेंद के प्रारूपों पर केंद्रित रहा है, जिसमें उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स का नेतृत्व किया और भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी शामिल रहे। अब, जब वह एक बार फिर केरल की सफेद जर्सी पहन रहे हैं, तो सैमसन के पास लाल गेंद क्रिकेट की मांग वाले कौशल और धैर्य को फिर से दिखाने का मौका है। केरल के चयनकर्ताओं ने कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन को सौंप दी है, जबकि बाबा अपराजित को उप-कप्तान बनाया गया है। यह कदम टीम के निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है।



## घर में सर्वाधिक टेस्ट जीतने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारत ने दिल्ली टेस्ट के पांचवें दिन सुबह जीत के लिए आवश्यक 58 रन आसानी से हासिल कर लिए और सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज यह देखकर संतुष्ट हो सकता है कि उन्होंने इस साल का अपना सबसे मजबूत बल्लेबाज़ी प्रदर्शन करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खींचा, लेकिन भारत की जीत पर कभी कोई खतरा नहीं था। इसके साथ ही भारत ने सीरीज स्वीप के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए। एक नजर मैच से जुडे अहम आंकड़ों पर। भारत अब अपने घरेलू मैदानों पर कुल 122 टेस्ट मैच जीत चुका है। इस मामले में भारत अब दक्षिण अफ्रीका (121) को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत से आगे सिर्फ़ इंग्लैंड (241) और ऑस्ट्रेलिया (262) हैं।

भारत ने वेस्टइंडीज के ख़िलाफ अब लगातार 10 सीरीज जीत हासिल कर ली है। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। भारत ने अब किसी एक विपक्षी के ख़िलाफ लगातार सबसे ज़्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भी वेस्टइंडीज के ख़िलाफ 10-0 का रिकॉर्ड बनाया था। यह भारत का वेस्टइंडीज के ख़िलाफ लगातार 27वां टेस्ट रहा, जिसमें उसे हार का सामना नहीं करना पड़ा। किसी एक टीम के ख़िलाफ भारत का यह सबसे लंबा अपराजेय सिलसिला है। आख़िरी बार भारत को वेस्टइंडीज ने 2002 में हराया था।

दिल्ली में भारत लगातार 14 टेस्ट मैचों से अपराजेय है। आख़िरी बार भारत यहां 1987 में वेस्टइंडीज से हारा था। 1993 के बाद से भारत ने दिल्ली में 14 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 12 जीते और दो ड्रॉ रहे हैं। इस नतीजे के साथ दिल्ली ने मोहाली (1997 से 13 टेस्ट) और मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम (1948-1965 के बीच 13 टेस्ट) को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लंबे अपराजेय घरेलू मैदानों में शीर्ष पर जगह बनाई। ध्रुव जुरेल अब तक जितने भी टेस्ट खेले हैं, उन सभी में भारत विजेता रहा है। उन्होंने 2024 की शुरुआत में राजकोट टेस्ट (इंग्लैंड के ख़िलाफ) में डेब्यू किया था। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार अपने पहले छह टेस्ट तक हर बार विजेता टीम का हिस्सा रहे थे। इस सीरीज में भारत ने कुल 13 विकेट गंवाए। यह किसी दो या अधिक मैचों की सीरीज में जीतते हुए भारत का संयुक्त न्यूनतम आंकड़ा है। इससे पहले 2000 में ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ दो घरेलू मैचों की टेस्ट सीरीज (1-0) में भारत ने केवल 13 विकेट खोए थे।

## जीवी बैडमिंटन शिवला और मोहित मिड्ढा की जोड़ी विजेता



जयपुर, 14 अक्टूबर। ज्ञान विहार स्कूल बैडमिंटन हॉल में जी वी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट खेला गया इसमें बालक बालिका तथा सीनियर वर्ग में एकल ,युगल व मिश्रित युगल की प्रतियोगिता संपन्न हुई आयोजन सचिव अतुल गुप्ता के अनुसार पुरुष युगल में ओवेस और नितिन भारद्वाज की जोड़ी ने काव्य मानवानीऔर रूचिर जैन को फाइनल में हरा खिताब अपने नाम किया वहीं महिला युगल में मीनाक्षी व आराध्या की जोड़ी विजेता और शिवला और जानवी की जोड़ी विजेता रही मिक्स डबल्स में शिवला और मोहित मिड्ढा विजेता तथा जहान्वी व जतिन उपविजेता रहे 50 प्लस आयु वर्ग में राजेश अग्रवाल व सुधीर श्रीवास्तव की जोड़ी ने अंकित शर्मा तथा जितेंद्र राजवंशी की जोड़ी को फाइनल में हर खिताब जीता तथा खेले गए एकल मैच में पुरुष एकल में रवि विजेता तथा ओवेस उप विजेता रहे लड़कों के अंदर 15 एकल में काव्य मानवानी विजेता व नव्यांश उपविजेता रहे लड़कों के अंदर 11 एकल में वेदांश कटेवा विजेता वह हर्षवर्धन उपविजेता रहे बालिका वर्ग में अंदर 15 एकल में आराध्या विजेता व त्रिषा उप विजेता रही कार्यक्रम के अंत में प्रमुख व्यवसायी राजेश कुमार अग्रवाल व उनके पुत्र अतुल्या अग्रवाल ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट बांटे इस मौके पर अकादमी के कोच कमल बिष्ट, विशाल, गणेश शर्मा तथा मैटर अतुल गुप्ता ने सभी को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## यति क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 14 अक्टूबर। अंडर-13 पिंकसिटी कप में यति क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38 ओवर में 159 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। जयप्रताप ने सर्वाधिक 101 रनो का योगदान दिया। जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी की ओर से अब्दुल वाहिद और आशीर्वाद ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी 30 ओवर में 131 रन पर ऑल आउट हो गई।चिराग यादव ने सर्वाधिक 66 रनों का योगदान दिया। यति क्रिकेट अकादमी की ओर से कविश अग्रवाल ने 4, प्रियांशु कुमावत और रौनक ने 2-2 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच जयप्रताप को चुना गया।

## तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा ने आसान जीत दर्ज की

गुवाहाटी, 14 अक्टूबर। पदक की दावेदार तन्वी शर्मा, उन्नित हुड्डा और रक्षिता श्री आर ने मंगलवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की, जबकि चारों बालक एकल खिलाड़ी भी अगले दौर में पहुंच गए।

# गिल ने इंग्लैंड में ही कप्तानी की परीक्षा को पास कर लिया था : गौतम गंभीर

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारतीय कोच गौतम गंभीर का कहना है कि भले ही क्रिकेट कैलेंडर बहुत व्यस्त है, लेकिन फिर भी जिस तरह से खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को महत्व दे रहे हैं और उसकी तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट और ए सीरीज खेल रहे हैं, उसे देखना सुखद है। ग़ौरतलब है कि वेस्टइंडीज के ख़िलाफ सीरीज से ठीक पहले भारतीय टेस्ट दल के 15 सदस्यों में से आठ ने ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। जबकि इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी जसप्रीत बुमराह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उस समय एशिया कप में व्यस्त थे।

2-0 से सीरीज जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गंभीर ने मंगलवार को कहा, ''व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है, ख़ासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो तीनों फ़ॉर्मेट खेल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से इस सीरीज की तैयारियों के लिए कुछ टेस्ट खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ ए सीरीज खेली, वह बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह से इन खिलाड़ियों का दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ से पहले रणजी ट्रॉफ़ी खेलना



बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

यह शुभमन गिल की कप्तानी में भारत की पहली टेस्ट सीरीज जीत थी। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया था। गिल की कप्तानी पर बात करते हुए गंभीर ने कहा, ''उन्होंने इंग्लैंड में ही कप्तानी की परीक्षा को पास कर ली थी। यह घर से दूर पांच मैचों की एक कठिन टेस्ट सीरीज थी। हमारे लिए हर टेस्ट मैच बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने उनसे बस इतना कहा है कि वह जैसे हैं, वैसे बने रहें।

उनको कप्तान बनाकर किसी ने कोई फ़ेवर नहीं किया है। वह इसे डिजर्व करते हैं और उन्होंने इसके लिए बहुत मेहनत की है। वह हर बॉक्स को टिक करते हैं। एक कोच के रूप में मुझे ऐसा कप्तान चाहिए जो चीज़ों को सही ढंग से करे, सही चीज़ें बोलें, कठिन मेहनत करे, एक वर्क एथिक्स लाए और मैदान पर सबसे पहले उपस्थित हो। एक कोच के रूप में आपको क्या चाहिए होता है। यह एक कठिन काम है, लेकिन उन्होंने इसे बख़ूबी निभाया है।''

लेकिन क्या उनके लिए तीनों फ़ॉर्मेट खेलना एक कठिन काम नहीं है और क्या उन्हें मेंटल कंडिशनिंग कोच की जरूरत नहीं है? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''जब तक वह रन बना रहे हैं, उन्हें शायद इसकी जरूरत नहीं है। वह एक अच्छे स्पेस में हैं। पूरी टीम एक अच्छे माइंडसेट में है। जब तक आपको परिणाम मिलते हैं, तब तक आप अच्छे माइंडसेट में रहते हो।

गंभीर ने 2027 का हवाला इस सवाल के भी जवाब में भी दिया, जब उनसे पूछा गया कि क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा 2027 विश्व कप की योजनाओं का हिस्सा हैं? जब यही सवाल नए वनडे कप्तान शुभमन गिल से इस मैच से पहले पूछा गया था तो उन्होंने बिना किसी टूर्नामेंट का नाम लेते हुए कहा था कि इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों के टीम में रहने से निश्चित रूप से टीम को फ़ायदा होगा। वहीं गंभीर ने भी विश्व कप को लेकर कोई स्पष्टता नहीं दी।

## हर्षित राणा पर सवाल उठाना शर्मनाक है : गंभीर

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। हर्षित राणा के तीनों फॉर्मेट में चयन पर लगातार हो रही आलोचनाओं पर भी भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कठोरता से जवाब दिया है। राणा घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय दल का हिस्सा तो नहीं थे, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी20 दोनों टीमों का हिस्सा हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व प्रमुख चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत सहित कई अन्य लोगों ने राणा के चयन की अपने यूट्यूब चैनल पर आलोचना की थी और कहा था कि उनका चयन सिर्फ़ इसलिए हुआ है क्योंकि वह गंभीर के बहुत करीब हैं। गंभीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''यह शर्मनाक है। आप अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए किसी 23-वर्षीय बच्चे को निशाना नहीं बना सकते।

# सब कुछ सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है : गिल

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारत के कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज पर 2-0 की जीत के बाद उन्होंने कहा कि अब वह ''टीम के सभी खिलाड़ियों को मैनेज करने की आदत डाल रहे हैं।''

प्रेज़ेंटेशन समारोह में उन्होंने कहा, ''यह सब कुछ सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है। मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं, उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए। कभी-कभी आपको कुछ कड़े फ़ैसले भी लेने पड़ते हैं। उस एक्स-फ़ैक्टर को चुनना होता है, जिनसे आपको रन या विकेट मिल सकते हैं।''

सात टेस्ट में चार जीत किसी भी कप्तान के लिए शानदार शुरुआत है, लेकिन जब आप भारत की कप्तानी करते हैं तो इसके साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी आती है। दिल्ली टेस्ट में भारत ने 270 रन की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज़ को फ़ॉलो-ऑन दिया। इसके बाद दूसरी पारी में जॉन कैंपबेल और शाई होप के



बीच 177 रन की तीसरे विकेट की साझेदारी हुई और मैच पांचवें दिन तक पहुंच गया।

फ़ॉलो-ऑन के सवाल पर गिल ने कहा, ''हम लगभग 300 रन आगे थे और विकेट काफ़ी डेड था। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लें तो हमें पांचवें दिन छह या सात विकेट लेने होंगे, जो मुश्किल हो सकता था।''

नीतीश कुमार रेड्डी इस एकादश में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के तौर पर खेलें, लेकिन उन्होंने पूरे मैच में एक भी ओवर नहीं फेंका। गिल ने कहा, ''(उन्होंने) इस मैच में ओवर नहीं फेंका, लेकिन हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ़ विदेशों में ही खेलें। इससे उन पर बहुत दबाव पड़ता है। अगर हम कुछ खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें विदेशों में जीत दिला सकें, तो हमें उन्हें मौके देने होंगे।''

इस सीरीज़ में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने एक अहम भूमिका निभाई। इसमें कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच और जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। जडेजा ने मज़ाक में हंसते हुए कहा कहा, ''मुझे (अश्विन की अनुपस्थिति में) ज़्यादा ओवर डालने का मौका मिला। हम एक टीम के रूप में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें पता है कि पिछले पांच-छह महीनों से हम किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं। यह हमारे लिए एक अच्छा संकेत है और हम इसे लंबे समय तक जारी रख सकते हैं।''

जडेजा ने हाल के समय में बल्लेबाज़ी क्रम में ऊपर खेलना शुरू किया है और अब वह नंबर छह पर खेल रहे हैं। इस नंबर पर उनका प्रदर्शन बहुत शानदार रहा है। इंग्लैंड में उन्होंने मैनचेस्टर में एक शतक लगाया था और अब अहमदाबाद में भी उन्होंने ऐसा ही किया है। इसके साथ ही उन्होंने कई और अच्छी पारियां भी खेली हैं।

## 5 लाख की आबादी वाले देश ने रचा इतिहास पहली बार फीफा वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। महज 5 लाख की आबादी वाले अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित छोटे से देश केप वर्डे ने इतिहास रच दिया है। केप वर्डे ने इस्वातिनी को 3-0 से हराकर पहली बार 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ये पहली बार होगा जब केप वर्डे की टीम वर्ल्ड कप खेलेगी। केप वर्डे की ओर से डेलॉन लिव्रामेंटो ने 48वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद विली सेमेडो ने 54वें मिनट में बढ़त को दोगुना किया और स्टोपिरा ने इंजरी टाइम में तीसरा गोल दागा। मैच खत्म होने के बाद मैदान पर स्टैंड्स दोनों में जश्न का माहौल था। केप वर्डे अफ्रीकी क्वालीफायर के ग्रुप डी में टॉप पर रहा और महाद्वीप से मिलने वाले नौ सीधे टिकटों में से एक हासिल किया। जनसंख्या के लिहाज से केप वर्डे अब आइसलैंड के बाद वर्ल्ड कप खेलने वाला दूसरा सबसे छोटा देश बन गया है। केप वर्डे की आबादी 5 लाख से थोड़ी ही ज्यादा होगी।

# अंडर-16 ट्रॉफी : जयपुर, टोंक, जैसलमेर, हनुमानगढ़ जीती

## कुमार वासुदेव, अभिनव शर्मा के शतक, यश शर्मा, गौरव, केविन, पार्थ, चेतन, आशीष, विशाल, पुलकित के अर्द्धशतक



### राजस्थान - उत्तराखंड रणजी मैच कल से मिराज स्टेडियम नाथद्वारा पर खेला जायेगा



जयपुर, 14 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआईकी आगामी राष्ट्रिय अंडर 16 ट्रॉफी के संभावितों के चयन हेतु आरसीए द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंडर 16 ट्रॉफी के आज जयपुर में खेले गए मैच का परिणाम :- जयपुर - बाड़मेर (जयपुर 268 रन से जीती), टीम के लिए कुमार वासुदेव 173, गौरव सैनी 92 व केविन 87 रन, बाड़मेर के गेंदबाज राजीव 63/3 विकेट, बाड़मेर पारी 177 आल आउट, टीम के लिए पार्थ यादव 60 व स्वरुप 36 रन, जयपुर के गेंदबाज नेत्यांश करिआ 35 /3, प्रतीक चौधरी 36/3, तेजस जोशी 13/2 व दक्ष शर्मा, रयाँ 1-1 विकेट जैसलमेर - श्रीगंगागनर (जैसलमेर 38 रन से जीती), जैसलमेर पारी 196 आल आउट, टीम के लिए चेतन 52 व करण 48 रन, श्रीगंगानगर के गेंदबाज आदित्य 33/5 विकेट, श्रीगंगानगर पारी 158 आल आउट, टीम के लिए रेयांश 46 रन, जैसलमेर के गेंदबाज करण जांगिड़ 30/5

टोंक - सीकर (टोंक 161 रन से जीती), टोंक पारी 385 /5, टीम के लिए अभिनव शर्मा 118, यश शर्मा 86 व आशीष रघुवंशी 57 रन, सीकर के गेंदबाज दर्शन, आदित्यराज2 -2 विकेट, सीकर पारी 124 आल आउट, टोंक के गेंदबाज आर्यन 17 /4, सईद अर्ज़ी 43 /3 व आरव चोपड़ा 13 /2 विकेट।

हनुमानगढ़ - राजसमंद (हनुमानगढ़ 51 रन से जीती), हनुमानगढ़ पारी 198 आल आउट, टीम के लिए विशाल 52 व ओजस 42 रन, राजसमंद के गेंदबाज भारत साल्वी 34 /3 विकेट, राजसमंद पारी 147 आल आउट, टीम के लिए पुलकित 52 रन, हनुमानगढ़ के गेंदबाज विशाल 34 /4 व पुनीत 36 /4 विकेट।

अंडर 23 वीमेन चैलेंजर टी 20 ट्रॉफी मैच :- टीम डी - टीम बी (टीम बी 7 विकेट से जीती), टीम डी पारी 46 आल आउट, टीम के लिए वृंदा शर्मा 11 रन, टीम बी की गेंदबाज दृष्टि 0 /4 व शिवानी 15 /2 विकेट, टीम बी पारी 48 /3, टीम के लिए शिवानी 21 रन, टीम डी की गेंदबाज एंजेल, साक्षी 1 -1 विकेट।

टीम ऐ - टीम सी (टीम सी5 विकेट से जीती), टीम ऐ पारी 88 /4, टीम के लिए अनाया 30, सनजना 22 व नंदिनी 19 रन, टीम सी की गेंदबाज प्रियंका, सरोज व चांदनी 1 -1 विकेट, टीम सी पारी 89 /5, टीम के लिए सनाया 19, पार्वती 14 व ख़ुशी 16 रन, टीम ऐ की गेंदबाज पलक 9 /2 व निशा 20 /2 विकेट।

## पर्थ वनडे में नहीं खेलेंगे जम्पा और इंगलिस

मेलबर्न, 14 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा पितृत्व कारणों से पर्थ में भारत के ख़िलाफ पहला वनडे मिस करेंगे। उनकी जगह मैथ्यू कुनमन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि जॉश फ़िलिपे को जॉश इंगलिस के कवर के रूप में पर्थ बुलाया गया है क्योंकि एलेक्स केरी एशेज की तैयारी के तहत एक शेफ़ील्ड शील्ड मैच खेल रहे हैं। जम्पा की पत्नी हैरियट अपनी दूसरी संतान के अंतिम गर्भावस्था चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नजदीक होने के कारण जम्पा ने उत्तरी न्यू साउथ वेल्स के अपने घर पर ही रहने का फैसला किया है, क्योंकि पर्थ से लौटना अपेक्षाकृत कठिन है। वह एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि इन दोनों शहरों से घर लौटना आसान है। वह पूर्वी तट पर खेले जाने वाले पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी शामिल रहेंगे। कुनमन को रविवार के पर्थ वनडे के लिए बुलाया गया है और वह तीन साल बाद अपना पहला वनडे खेल सकते हैं। यह उनका ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पहला वनडे हो सकता है। उन्होंने आख़िरी बार 2022 में श्रीलंका में चार वनडे खेले थे। वह पूरी सर्दियों में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ रहे हैं जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ घरेलू सीरीज और न्यूज़ीलैंड दौरा शामिल हैं। लेकिन इस दौरान उन्होंने केवल एक मैच खेला जो जुलाई में जमैका में वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ दूसरा टी20 था।

# ओवरऑल विनर अभ्युदय रावत बने प्रोफेशनल-ग्रॉस विनर




जयपुर, 14 अक्टूबर। रामबाग गोल्फ क्लब में मार्च - 2025 से गोल्फ क्लब के पूर्व कप्तानों की मेमोरी में मन्थली मेडल (10 टूर्नामेन्ट्स की श्रृंखला) - 1 से 10 का आयोजन किया गया,जिस क्रम में अन्तिम 10वें टूर्नामेन्ट दो दिवसीय पूर्व महाराजा ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह (महावीरचक्र) मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट (मंथली मेडल - दसवाँ व अन्तिम) का आयोजन हुआ। प्रथम टूर्नामेन्ट से ही आईजीयू की तर्ज पर अच्छा खेलने वाले गोल्फर्स को पॉईन्ट्स प्रदान किये गये व उनका एक लीडरबोर्ड क्लब परिसर में लगाया गया, जिसमें हर कैटेगरी के टॉप गोल्फर्स के पॉईन्ट्स लीडरबोर्ड पर लगाये गये व इस अन्तिम 10वें टूर्नामेन्ट में सभी अलग-अलग श्रेणियों के गोल्फर्स को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, महाराज नरेन्द्र सिंह, रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान योगेन्द्र सिंह; मानद् सचिव समृद्ध शर्मा, टूर्नामेंट कमेटी, संयोजक डॉ. हिमांशु शर्मा; सहित क्लब कार्यकारिणी के सदस्य सुनील शेखावत आदि उपस्थित रहें।

टॉप गोल्फर्स के नाम निम्न प्रकार है - प्रोफेशनल कैटेगरी में प्रथम स्थान पर अभ्युदय रावत रहे वहीं, द्वितीय स्थान पर गिर्राज सिंह खड़का थे। अमैच्योर कैटेगरी में मनोविराज शेखावत प्रथम व दीपकरण सिंह ठक्कर द्वितीय स्थान पर रहे। 0-9 हैण्डिकेप कैटेगरी में पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ प्रथम और अर्जुन कुच्छल द्वितीय स्थान पर रहे। 10-16 हैण्डिकेप कैटेगरी में प्रथम डॉ. देवेन्द्र कुमार और युवराज सिंह द्वितीय रहे। 17-24 हैण्डिकेप कैटेगरी में आलोक शर्मा विजेता और युगांक शर्मा उपविजेता रहे। इसी प्रकार, बेस्ट लेडीज गोल्फर्स कैटेगरी में श्रीजा जैन प्रथम स्थान पर व वृन्दा सैनी द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं, बेस्ट सीनियर एवम् सूपर सिनीयर गोल्फर का खिताब एन.एस.राठौड़ व डॉ बी.एम.रातुड़ी को मिला।

पुरस्कार समारोह में अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उप विजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त, हैंडीकेप्स श्रेणियों में विजेता और उपविजेता इस प्रकार रहे- हैंडीकैप कैटेगरी (00-09) में सिद्धार्थ शर्मा विजेता और हमीर सिंह राठौड़ उपविजेता रहे; हैंडीकैप कैटेगरी (10-16) के विजेता युवराज सिंह और उपविजेता कृष्ण हरितवाल रहे और हैंडीकैप कैटेगरी (17-24) के विजेता मनन धानुका और अनुज लुहाड़िया उपविजेता रहे।

## चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता, पुलकित की घातक गेंदबाजी से जयपुरिया की आसान जीत



जयपुर, 14 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज से एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में प्रारम्भ चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ने पुलकित गुप्ता 31 रन पर 4 विकेट की घातक गेन्दबाजी की बदोलत नैना क्रिकेट एकेडमी को 9 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर नैना एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन वसीम खान 16, आशिष शर्मा 15, सागर पण्डित 14, भरत शर्मा 13 रन को छोड़कर नैना एकेडमी का कोई भी बल्लेबाज जयपुरिया एकेडमी के गेन्दबाजो पुलकित गुप्ता 31 रन पर 4 विकेट, हेमन्य भारद्वाज 9 रन पर 2 विकेट तथा स्वप्निल चौधरी 12 रन पर 2 विकेट की गेन्दबाजी के समक्ष नहीं टिक सके और पूरी टीम 17.4 ओवर में मात्र 94 रन पर ऑलआऊट हो गई।

जवाबी पारी में कप्तान राहुल खण्डेलवाल 39 रन, पार्थ यादव 31 रन नाबाद व देवकृत शर्मा 17 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 14.5 ओवर में 1 विकेट खोकर 95 रन बनाकर 9 विकेट से आसान जीत दर्ज कर ली, नैना एकेडमी की ओर से 1 मात्र सफल गेन्दबाज भरत शर्मा 14 रन पर 1 विकेट रहे। इस मैंच के मैन ऑफ दा मैंच पुलकित गुप्ता जयपुरिया एकेडमी रहें।

# दो हजार करोड़ के सायबर फ्रॉड से कमाई गई करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क

## जयपुर और श्रीगंगानगर में स्थित संपत्तियां कानूनी तौर पर जब्त की

- **श्री गंगानगर पुलिस का सायबर ठगों और हिस्ट्रीशीटर पर डबल अटैक, सूरतगढ़ में हिस्ट्रीशीटर के 60 लाख के कब्जे को ध्वस्त किया**
- **अनुसंधान में यह सामने आया कि आरोपियों के पास कोई स्थायी आय का स्त्रोत नहीं था, फिर भी करोड़ों रुपये के प्लॉट और लग्जरी वाहन खरीदे थे**

**श्री गंगानगर/जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर श्री गंगानगर पुलिस ने संगठित अपराध चाहे वह सायबर फ्रॉड हो या जमीनी स्तर का जुर्म उसके खिलाफ दो बड़ी कार्रवाइयां की हैं। जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन फ्रीज के तहत एक ओर दो हजार करोड़ के सायबर फ्रॉड से कमाई गई करोड़ों की लग्जरी संपत्ति कुर्क की गई वहीं दूसरी ओर हत्या के आरोपी हिस्ट्रीशीटर के 60 लाख के अवैध कब्जे को ध्वस्त किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि यह कार्रवाई कैपमोरएफएक्स कंपनी के नाम पर करीब 2000 करोड़ का फ्रॉड करने वाले ठगों लाजपत राय आर्य, दीपक कुमार आर्य, अजय कुमार आर्य और अन्य के खिलाफ की गई है। अनुसंधान में यह सामने आया कि आरोपियों के पास कोई स्थायी आय का स्त्रोत नहीं था, फिर भी उन्होंने करोड़ों रुपये के प्लॉट और लग्जरी वाहन खरीदे थे। यह स्पष्ट रूप से अवैध कमाई थी। इस केस में गिरफ्तार आरोपियों के साथ-साथ उनके परिजनों जैसे लाजपत राय आर्य की पत्नी रेणू बाला और फरार अजय कुमार आर्य और कर्मजीत सिंह के पिता मलकीत सिंह के नाम से खरीदी गई संपत्तियों को भी अपराध से अर्जित राशि मानकर कुर्क की कार्रवाई की गई है।

**करोड़ों की संपत्तियों का विस्तृत विवरण :-** पुलिस द्वारा 5 फरवरी और 11 मार्च को 2 इस्तगासों के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने धारा 107 बीएनएसएस में पेश किए गए इस्तगासों पर त्वरित सुनवाई करते हुए 14 अक्टूबर को कुर्क के आदेश जारी किए। जयपुर और श्रीगंगानगर में स्थित ये संपत्तियां अब कानूनी तौर पर जब्त हो गई हैं। राजधानी जयपुर में अजमेर रोड स्थित आमेक्स सिटी के प्लॉट क्षेत्रफल 253.00 वर्गमीटर और ग्राम गिरधारीपुरा में अपोलो गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के प्लॉट क्षेत्रफल 138.88 वर्गमीटर को कुर्क किया गया है। वहीं श्रीगंगानगर में पुलिस ने एक लग्जरी वाहन लेक्सस ईएस 300 एच को जब्त किया है। इसके अलावा अभियुक्तों से बरामद की गई ऑनलाइन ठगी की कुल 10 लाख संदिग्ध राशि को भी कुर्क किया गया है। स्थानीय चक 7 ई छोटी, मानवी इन्कलेव में स्थित 20 गुणा 80 फीट के दो भूखंड भी कुर्क के दायरे में आए हैं।

**सूरतगढ़ में हिस्ट्रीशीटर के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला :** एसपी डॉ. दुहन ने बताया कि ऑपरेशन फ्रीज के दूसरे चरण में श्रीगंगानगर पुलिस ने आसिफ खान हत्याकांड के आरोपी और हत्या के प्रयास और मारपीट कर दहशत फैलाने वाले हिस्ट्रीशीटर पर हमला बोला। हत्यारोपी और हिस्ट्रीशीटर विकास उर्फ विक्की मील निवासी सूरतगढ़, जिसके खिलाफ 15 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं, नगर पालिका और पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में विक्की मील द्वारा नगरपालिका की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण चारदीवारी और पशुबाड़ा को ध्वस्त किया गया। इस कार्यवाही से करीब 60 लाख कीमत का बेशकीमती प्लॉट कब्जा मुक्त करवाया गया।

डीजीपी शर्मा ने श्रीगंगानगर पुलिस की इन दोनों कार्रवाइयों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि पुलिस सिर्फ कानून की रक्षक नहीं, बल्कि समाज से अपराध और अपराधी के द्वारा अर्जित अवैध साम्राज्य को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पुलिस कांस्टेबल बना देवदूत: 25 फीट ऊंचे बंद मकान में फंसी मासूम को बचाया

## पुलिस का यह कार्य सेवा-संवेदना और बहादुरी का जीवंत उदाहरण है : डीजीपी राजीव शर्मा

- **बच्ची के रोने की आवाज़ सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि निशा राजपूत के मकान में चार वर्षीय बच्ची बन्द है**
- **कांस्टेबल हजारी लाल ने बिजली के नंगे तारों की परवाह किए बिना 30 फीट लंबी सीढ़ी पर चढ़कर प्रथम मंजिल के झरोखे तक पहुंच बच्ची को बचाया**

**जयपुर/अलवर।** राजस्थान पुलिस ने एक बार फिर सेवा-संवेदना और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की है। सोमवार की रात अलवर शहर में 25 फीट की ऊंचाई पर एक मकान की प्रथम मंजिल में गलती से फंसी चार वर्षीय मासूम निधि राठौड़ को पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की सराहना की है।

अलवर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि शहर की संकरी गलियों में स्थित इस मकान की पहली मंजिल से बच्ची के रोने की आवाज़ सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि निशा राजपूत के मकान में चार वर्षीय बच्ची घर के अन्दर बन्द है। मकान में लाईट नहीं है, अकेली डरी हुई बच्ची बुरी तरह रो रही है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी विजयपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुँची। जानकारी के अनुसार मकान चारों ओर से बंद था। पुलिस ने पाया कि बच्ची पूरी तरह डर गई थी और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। बच्ची को समझा-बुझाकर झरोखे तक लाया गया। यहां पर पुलिस टीम ने पूरी सतर्कता बरतते हुए कार्यवाही का निर्णय लिया और बिना 30 फीट लंबी सीढ़ी के माध्यम से बच्ची को बचाने की कार्यवाही प्रारंभ की। इस कार्यवाही में कांस्टेबल हजारी लाल ने अत्यंत बहादुरी का परिचय दिया। उन्होंने बिजली के नंगे तारों की परवाह किए बिना 30 फीट लंबी सीढ़ी पर चढ़कर प्रथम मंजिल के झरोखे तक पहुंचे। करीब 25 मिनट के इस जोखिम भरे ऑपरेशन में कांस्टेबल हजारी लाल ने बच्ची को प्यार से आवाज देकर समझा-बुझाया। फिर उसका डर कम किया और उसे झरोखे की ओर बुलाया। इसके बाद उन्होंने बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला और अपने एक हाथ से बच्ची को पकड़ लिया। एक हाथ से सीढ़ी पर संतुलन बनाते हुए नीचे उतार उसकी मां निशा देवी को सकुशल सुपुर्द कर दिया। मां निशा ने बताया कि बच्ची के पिता की इसी साल मार्च महीने में मौत हो चुकी और वह सब्जी बेचकर घर चलाती हैं। ऐसे में बच्ची घर मे अकेली थी।

इस संवेदनशीलता भरी कार्यवाही पर डीजीपी राजीव शर्मा ने पुलिस टीम और कांस्टेबल हजारी लाल की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा राजस्थान पुलिस का यह कार्य सेवा-संवेदना और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। पुलिस सिर्फ कानून की रक्षक नहीं, समाज की संरक्षक भी है।

## ट्रक की चपेट से एक की मौत

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर थाना इलाके में सड़क पर पैदल चल रहे व्यक्ति की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर अफोर्डेबल कॉलोनी निवासी वीरेन्द्र सिंह पैदल ड्यूटी पर जाते समय तेज रफ्तार ट्रक ने वीरेन्द्र सिंह को टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के बाहर समाज के लोग एकत्र हो गये और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। हंगामे की सूचना पर उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह व नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार मय जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे और समाज के लोगों से समझाइश की।

# मां को बचाने दस वर्षीय पुत्र भी खदान में कूदा, दोनों की मौत

- **बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने खदान में छलांग लगा दी थी**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल क्षेत्र के भगवानपुरा गांव के पास सोमवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने खदान में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। मां को बचाने की कोशिश में उसका 10 वर्षीय पुत्र भी पानी में कूद गया, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई।

घटना भगवानपुरा के समीप स्थित खदान की बताई जा रही है। मृतकों की पहचान सौदानपुरा निवासी लक्ष्मी (32) पत्नी राजू भील और उसका पुत्र दिलखुश (10) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसी पारिवारिक झगड़े से व्यथित होकर लक्ष्मी ने अचानक खदान में छलांग लगा दी। पास में खेल रही अन्य बच्चियों ने यह दृश्य देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस और एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। लगभग तीन से चार घंटे के लंबे प्रयासों के बाद टीम ने मां-बेटे के शवों को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच कर शवों को मांडल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के पीछे के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। मंगलवार सुबह मृतका के पीहर पक्ष के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और गांव में मातम का माहौल पसरा हुआ है।

**कपड़ा फैक्टरी से तीन लाख का सामान चोरी :** भीलवाड़ा, शहर के पुर रोड तीन नंबर चौराहा के पास स्वास्तिक प्रोसेस के समीप स्थित श्री श्रीनाथ सिंथेटिक प्राइवेट लिमिटेड कपड़ा फैक्टरी में 12 अक्टूबर की मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर फैक्टरी के पीछे बने नाले के रास्ते से भीतर घुसे और सोलर पैनल, बिजली के केबल समेत अन्य कीमती उपकरण चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग तीन लाख रुपए आंकी गई है।

फैक्टरी के मालिक विनोद कुमार जैन के अनुसार घटना के दौरान चोरों की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं। फुटेज में कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं, जिनकी पहचान पुलिस कर रही है। चोरी की सूचना मिलते ही प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

## ट्रक चोर गिरफ्तार, वाहन बरामद

**कोटा, (निसं)।** अनंतपुरा पुलिस टीम ने ट्रक चोरी के दर्ज मामले में दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 10 सितम्बर को फरियादी सुनील मेहता ने सेठ भामाशाह मंडी से ट्रक चोरी होने की रिपोर्ट अनंतपुरा थाने में दर्ज कराई थी। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीम का गठन किया गया। टीम ने 11 सितम्बर को ट्रक को लावारिस हालत में रानपुर क्षेत्र से बरामद कर लिया था, लेकिन शातिर चोर ट्रक के चार टॉयर और बैटरी चोरी करके फरार हो गये थे। टीम ने फरार चल रहे आकाश खटीक एवं बंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।


**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, कोटा (राज.)**

पताः- प्रथम तल जिला परिषद् भवन सीएडी कोटा, पिन कोड 324009

ई-मेल-SEWDSC.KOTA@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांकः लेखा / 2025-26/ दिनांक :

**NOTICE INVITING BID NIB No 12 YEAR 2025-26**

Bids for NRM/RTWHS Works, estimated value INR 262.81 Lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 30.10.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state. (https://eproc.rajasthan.gov.in or

NIB NO. WSC2526A0839

UBN NO.- WSC2526WSOB01434, WSC2526WSOB01435, WSC2526WSOB01436

(अशोक कुमार अम्बेश)

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद, कोटा

DIPR/C/15112/2025



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत्त, जयपुर**

क्रमांक-2320 दिनांक-3/10/25

**ई-निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

UBN No. -WRD2526WSOB01057 NIB Code No.- WRD2526A0439

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य Rehabilitation of New Tank Maheshwa Irrigation Project District: Karauli जिसकी अनुमानित लागत 166.01 लाख है। वित्त विभाग के नवीन नियमों के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा के माध्यम से ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रकिया हेतु आनलाईन निविदा आमत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03.10.2025 से दिनांक 28.10. 2025 को 6.00 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। निविदा की तकनिकी बिड दिनांक 29.10.2025 को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी।

निविदा से संबंधित विवरण संबंधित वेबसाईट www.waterresources.rajasthan.gov.in,http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in से देखी जा सकती है।

DIPR/C/14959/2025 अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत, जयपुर


## ईंटों से भरा ट्रेलर पलटा, चालक की मौत

**रतनगढ़, (निसं)।** क्षेत्र में एनएच-11 पर सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। संगम चौराहा स्थित बीकानेर रोड ओवरब्रिज के पास ईंटों से भरा एक ट्रेलर पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही रतनगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कर जाम खुलवाया।घटना में ट्रेलर चालक केबिन में ही फंस गया था। कांग्रेस नेता रामवीर राईका सहित स्थानीय लोगों ने क्रेन की मदद से केबिन तोड़कर चालक को बाहर निकाला।

जानकारा अनुसार मृतक की पहचान बीकानेर जिले के रानीसर निवासी 27 वर्षीय पवन कुमार पुत्र दिलीप कुमार जाट के रूप में हुई है। वह ट्रेलर में ईंट भरकर फतेहपुर की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि रतनगढ़ क्षेत्र में प्रवेश करते समय उसे नींद की झपकी आ गई, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया। गंभीर रूप से घायल चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी।

## जुर्माना वसूला

**भरतपुर, (निसं)।** खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी के निर्देशन में दीपावली के त्यौहार को देखते हुए उपभोक्ता जागरूकता अभियान-2025 चलाया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण दल द्वारा शहर में केनजीडी मार्ट, खण्डेलवाल स्वीट, मामा मिष्ठान भण्डार, बंसल स्वीट्स एवं नाटाणी स्वीट पर माप तौल से संबंधित विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 व उसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के तहत जांच की गई। जांच में पायी गई विभिन्न अनियमितताओं के तहत नौ हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# अज्ञात व्यक्ति ने फायरिंग की, एक जना घायल

- **हालत गंभीर होने के बाद घायल को भीलवाड़ा रेफर कर दिया**

**शाहपुरा, (निसं)।** शहर के व्यस्ततम त्रिमूर्ति चौराहे पर सोमवार देर रात्रि फायरिंग की घटना सामने आई है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा अचानक की गई फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल व्यक्ति की पहचान शाहपुरा निवासी सलीम खान के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार घायल युवक सलीम खां को तुरंत भाजपा नगर पंकज सुगंधी ने अपनी बाइक पर बिठा कर शाहपुरा चिकित्सालय पहुंचाया। सूचना मिलते ही कस्बे में अफरा-तफरी मच गई। चिकित्सालय पर परिवार जनों सहित मुस्लिम समाजजन पहुंच गए। सलीम खां की हालत गंभीर होने से बाद में भीलवाड़ा रेफर कर दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश बिश्नोई, थाना अधिकारी सुरेश कुमार चिकित्सालय पहुंचे। वहीं परिवार जनों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने त्रिमूर्ति चौराहा घटनास्थल पहुंचकर मुआयना किया। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं तथा आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर में नाकाबंदी कर दी गई है। मामले में कुछ लोगों को डिटेन किया है, पूछताछ जारी है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांकः डी- 1016-1025 दिनांक : 06/10/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 24/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य कुल 01 कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A3684 के UBN No. निम्न प्रकार है-

UBN No.- 1. PWD2526WSOB13883

(विजय प्रताप कस्वा)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर

DIPR/C/14964/2025



**BHARATPUR DEVELOPMENT AUTHORITY, BHARATPUR**

S. No. :- Tech/BDA/2025-26/14045 - 64 Date :- 08/10/2025

**EXPRESSION OF INTEREST**

**Prepration Of Consultancy Services For Consultancy services for Development of Keoladeo National Park Entry Plaza, along with Tourist Amenities, Service Road and Botanical garden**

The Bharatpur Development Authority (BDA), Bharatpur Invites proposal for Preparation Of Consultancy services for Development of Keoladeo National Park Entry Plaza, along with Tourist Amenities, Service Road and Botanical garden. Detailed of EOI, eligibility criteria schedule and condition can be seen on **https://eproc.rajasthan.gov.in** from dated 10.10.2025 10:00 AM to 27.10.2025 at 6.00 pm.

UBN No. WAQ2526SLOB00240

Executive Engineer
BDA, Bharatpur

Raj.Samwad/C/25/12072


## बलवंता ने जीता बालाजी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**नसीराबाद (निसं)।** झड़वासा ग्राम पंचायत के मोतीपुरा गांव में आयोजित तीन दिवसीय बालाजी क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन मंगलवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में बलवंता टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए मोतीपुरा टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि मोतीपुरा टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि प्रशासक भंवर सिंह गौड़ ने विजेता बलवंता टीम के कप्तान करण सैनी, उपविजेता टीम के कप्तान विनोद बंडोलिया और मैन ऑफ द मैच जुनैद अजमेरी - जिन्होंने शानदार सेंचुरी जड़कर दर्शकों की वाहवाही लूटी - को ट्रॉफी, माला और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भंवर सिंह गौड़ ने आयोजन समिति को 11,500 का नकद सहयोग प्रदान किया। वहीं प्रहलाद जोधावत और राजू ज्याणी ने भी 2100-100 का सहयोग देकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। भंवर सिंह गौड़ ने कहा कि क्रिकेट आज देश के युवाओं की पहली पसंद बन चुका है। इस खेल ने भारत को विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खेल के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए लाल सिंह धानपुर और भंवर मेघवाल प्रबल दावेदार

- **जिलाध्यक्ष की दौड़ में वर्तमान जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, लालसिंह धानपुर, रमिला मेघवाल और ऊमसिंह चांदराई दावेदार बताये जा रहे हैं**
- **कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि इस बार आहोर विधानसभा क्षेत्र से नया जिलाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना प्रबल है**

**जालोर, (कासं)।** जालोर कांग्रेस कमेटी में जिलाध्यक्ष नवंबर माह में चुना जाएगा। जिलाध्यक्ष की दौड़ में वर्तमान जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, लालसिंह धानपुर, रमिला मेघवाल और ऊमसिंह चांदराई प्रबल दावेदार है। कांग्रेस का 16वां जिलाध्यक्ष नवंबर माह में चुना जाएगा। इस पद के लिए फिलहाल चार नामों पर चर्चा जोरों पर है।

जालोर कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में एक बार फिर समीकरण बदलते दिख रहे हैं। कांग्रेस नेता लालसिंह धानपुर और वर्तमान जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, जालोर प्रत्याशी रमिला मेघवाल व भीनमाल प्रत्याशी ऊम सिंह चांदराई इस बार मुख्य दावेदार माने जा रहे हैं। वहीं जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए महिला को मौका मिलता है तो जालोर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रही रमिला मेघवाल जिलाध्यक्ष के लिए प्रबल दावेदार है। वहीं लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत के सामने बसपा पाटी से चुनाव लड़ रह रहे लालसिंह धानपुर को चुनाव का फोर्म विड्राल करवाकर वैभव गहलोत के समर्थन करने पर लालसिंह धानपुर को कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद का ईनाम मिलने संभावना जताई जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष पद के लिए जिन नामों पर सबसे ज्यादा चर्चा है उनमें कांग्रेस नेता लाल सिंह धानपुर, भंवरलाल मेघवाल, रमिला मेघवाल और ऊमसिंह चांदराई शामिल हैं। ये चारों नेता क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत जनाधार रखते हैं और संगठन के पुराने कार्यकर्ता हैं।

कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि संतुलन साधने और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए इस बार आहोर विधानसभा क्षेत्र से नया जिलाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना प्रबल है। प्रदेश नेतृत्व की प्राथमिकता प्रदेश नेतृत्व ऐसा चेहरा चाहता है जो दोनों खेमों को साथ लेकर संगठन को मजबूत कर सके, विधानसभा चुनाव 2028 तक पार्टी को मजबूती दे सके। सूत्रों के अनुसार, रायशुमारी पूरी होने के बाद नवंबर के पहले सप्ताह में घोषणा की जा सकती है।


**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग**

प्रथम तल, स्वास्थ्य भवन, भीनमाल रोड़, जालोर

क्रमांक : अ.अ./ चि.एव.स्वा/2025-26/2177 दिनांक : 06.10.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 21/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 52.00 लाख का 1 सिविल कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधी विवरण डीआईपीआर की वैबसाईट www.dipronline.org. http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वैबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है। NIB No. MHS2526A3028

1. MHS2526WSOB04335

(राम कुमार कुर्डिया)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जालोर

DIPR/C/14992/2025



**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2025-26/22867-80 **निविदा सूचना /2025-26** Date:14.10.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Additional works in Attached Hospital for Medical College at Bundi, Rajasthan. UBN : RRC2526WSOB00784 | 346.73 Lakh | अल्पकालीन ई-432/25-26 |
| Remaining work of Residence, L.T.,OAT, STP & Misc. Work at Medical College & Attached Hospital at Churu.UBN : RRC2526WLOB00785 | 866.00 Lakh | अल्पकालीन ई-433/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक



**कार्यालय नगर विकास न्यास जैसलमेर**

क्रमांक :- नविन्यास/लेखा/जैसल/2025-26/3745 दिनांक :- 10/10/2025

**निविदा सूचना संख्या अभियांत्रिकी/09/2025-26**

नगर विकास न्यास, जैसलमेर की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत व अन्य विभागों में "ए", "एए"श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से एक कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनके UBN No. UJS2526WSOB00018 है।

निविदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी निविदा की शर्ते इत्यादि वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/12065 सचिव, नगर विकास न्यास, जैसलमेर



आज़ादी का अमृत महोत्सव

**राजस्थान सरकार**

**कॉलेज शिक्षा विभाग**

**कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बसेड़ी (धौलपुर)**

क्रमांक - रा.म.ब./स्था/2025/1431 दिनांक - 04/10/25

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा RUSA के तहत् स्वीकृत महाविद्यालय उपयोग हेतु विद्यार्थी, ऑफिस, स्मार्टक्लास रूम, कॉफ्रेंस हॉल फर्नीचर इत्यादि कार्य हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की है। जिसे राज एसपीपीपी, ई प्रोक्क पोर्टल व कार्यालय में आकर देखा जा सकता है। टेण्डर की अनुमानित राशि 60 लाख रुपये है।

NIB NO- ECD 2526A0288

UBN NO-ECD 2526GLOB00300

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बसेड़ी

DIPR/C/15310/2025


# विदेश भेजने के नाम पर 6.90 लाख रुपए की ठगी

**सीकर, (निसं)।** सीकर के सदर थाना इलाके में विदेश भेजने के नाम पर 6.90 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पैसे लेकर फर्जी टिकट और वीजा दिया गया, अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाडलवास निवासी गोपाल सिंह ने सदर थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 2025 में उनके दोस्त रामपाल ने उनकी बात भागूराम पुत्र अमराराम से करवाई। भागूराम ने कहा कि वह विदेश भेजने का काम करता है और सिंगापुर में रहता है। भागूराम ने कहा कि आपका कोई आदमी हो तो बताओ सिंगापुर में मेरी बड़ी कंपनियों में पकड़ है। वहां पर हर महीने दो से ढाई लाख रुपए मिलेंगे। इसके बदले में आठ लाख रुपए आपको देने होंगे और डेढ़ महीने में आपका काम हो जाएगा। इसके बाद भागूराम और गोपाल सिंह की मोबाइल और वॉट्सऐप पर बातचीत होने लगी। गोपाल सिंह को भागूराम पर विश्वास हो गया। भागूराम ने गोपाल सिंह से उसके रिश्तेदार मुकेश सिंह को विदेश भेजने के लिए डॉक्यूमेंट ले लिए। इसके बाद कुछ रुपए अपने अकाउंट और फिर अपने पार्टनर अमनदीप के अकाउंट में जमा करवाए। दोनों ने कुल 6.90 लाख रुपए ले लिए।

**फर्जी वर्क परमिट और प्लेन टिकिट भेजा :-** 13 अगस्त को सिंगापुर जाने के लिए फर्जी वर्क परमिट (परमिशन) और फर्जी प्लेन टिकट भेजा। जब गोपाल सिंह अपने रिश्तेदार मुकेश सिंह को लेकर एयरपोर्ट गया तो वहां उन्हें टिकट और वीजा दोनों ही फर्जी होने का पता चला। जब इस बारे में गोपाल सिंह ने भागूराम और अमनदीप से बात की तो दोनों ने पैसे लौटाने से मना कर दिया और कहा कि अब तुम मेरा क्या उखाड़ लोगे, मैं तो सिंगापुर जाने वाला हूं। गोपाल सिंह की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई राजेश कुमार कर रहे हैं।

## एईएन परीक्षा की मॉडल उत्तर कुंजी जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा 2024 के अंतर्गत विभिन्न विषयों के पेपर की मॉडल आंसर-की आयोग ने वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। अभ्यर्थी अपनी आपत्ति बुधवार से ऑलाइन आवेदन कर दर्ज कराया सकता है, आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा 2024 के विभिन्न विषयों जनरल नॉलेज एंड जनरल साइंस, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग है।


**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्रमांक-वि.सं.11/Exam/ S.O. (Statistics Deptt.)/RPSC/EP-1/2025-26 दिनांक-14.10.2025

आयोग द्वारा सांख्यिकी विभाग के लिए राजस्थान आर्थिक एवं सांख्यिकी सेवा नियम, 1958 के अन्तर्गत सांख्यिकी अधिकारी (STATISTICAL OFFICER) के कुल 113 पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शैक्षिणक योग्यता, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये। |
| आवेदन अवधि | दिनांक दिनांक 28.10.2025 से दिनांक 26.11.2025 रात्रि 12-00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचनाः परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन दिनांक 14.10.2025 एवं संबंधित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन / सूचना/ स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.- 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/____/2025 (रामनिवास मेहता) सचिव



**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email: msdbhchuru@gmail.com, Phone: 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 3210 दिनांकः- 7.10.25

**खुली नीलामी बोली सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा/अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा-विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मों/डीलरों/बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा-तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय/डाउनलोड कर प्रस्तुत करने/ निविदा खोलने की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस/समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखने/डाउनलोड करने हेतु अपलोड कर दी गयी है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | गंदे कपडों/लिनन आदि की धुलाई कार्य | MHS2526SLOB04317 |
| 2 | जोब बेसिस पर मानव संसाधन (Manpower) सेवायें उपलब्ध करवाने हेतु | MHS2526SLRC04316 |
| 3 | ग्लास बोतल, ग्यास वाईल एवं WBCT ग्लास वाईल क्रय हेतु | MHS2526GSOB04312 |
| 4 | ब्लड बैंक रिजेंटस क्रय | MHS2526GLRC04330 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

DIPR/C/14983/2025

# नवीन को ऑपरेटिव कोड से राजस्थान में सहकारिता मजबूत होंगी - भजन लाल

## मुख्यमंत्री कार्यालय में विभाग के मंत्रियों व अधिकारियों के साथ सी एम ने विस्तृत चर्चा की

■ **नई व्यवस्था के तहत सहकारी समितियां अपने कार्यक्षेत्र के बाहर भी दुकानों व आउटलेट्स के माध्यम से अपने उत्पाद बेच सकेंगी**

जयपुर, 14 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक मजबूती, किसानों की आय बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर बाजार के बेहतर अवसर सुनिश्चित करने के लिए सहकारी समितियों को सशक्त बना रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित नवीन को-ऑपरेटिव कोड से सहकारिता आंदोलन को और अधिक समावेशी बनाया जाएगा। कोड में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने वाले प्रावधान शामिल किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि नई व्यवस्था के तहत सहकारी समितियां अपने कार्यक्षेत्र के बाहर भी दुकानों या आउटलेट्स के माध्यम से सीधे अपने उत्पाद बेच सकेंगी। साथ ही, ऑडिट की प्रक्रिया को सख्त और पारदर्शी बनाने के लिए समय पर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया जाएगा।

बैठक में सहकारी सोसाइटियों की परिभाषा को स्पष्ट करने, पंजीयन और उपनियम संशोधन की समय-सीमा घटाने, योग्य व्यक्तियों की सदस्यता सुनिश्चित करने तथा लोकतांत्रिक नेतृत्व को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक व संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जैसलमेर -जोधपुर हाईवे पर ...



*मुख्यमंत्री भजनलाल बस अग्निकांड की सूचना मिलते ही तुरंत घटना स्थल पहुंचे। भीषण हादसे से बेहद दुखी और आहत मुख्यमंत्री ने जली हुई बस में जाकर हालात को देखा।*

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल ले जाया गया।

कलेक्टर प्रतापसिंह ने बताया कि हादसे के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। हादसे के चार घंटे बाद भी बस की बॉडी गर्म थी। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को शीघ्रातिशीघ्र जोधपुर लाने के लिए संभागीय आयुक्त के निर्देश पर घटना स्थल से लेकर जोधपुर तक के रूट में ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है, ताकि एंबुलेंसों का रास्ता बाधित न हो। जैसलमेर से लेकर जोधपुर तक के हाईवे से लगने वाले सभी थानों की टीमें अपने -अपने क्षेत्र में अलर्ट रहीं।

जोधपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि परिस्थितियों को देखते हुए जोधपुर में मथुरादास माथुर हॉस्पिटल और महात्मा गांधी हॉस्पिटल में मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया है। दोनों ही हॉस्पिटल में अधीक्षक के साथ-साथ सीनियर डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ को पहले से तैयार रखा गया। घायलों के यहां पहुंचते ही उनके ट्रीटमेंट शुरू कर दिया गया। घटना की भयावहता को देखते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

# 'पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर हाईकोर्ट का फैसला दु:खद'

नयी दिल्ली/हैदराबाद, 14 अक्टूबर। तेलंगाना सरकार ने स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों (बीसी) को दिए गए 42 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी है।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने नयी दिल्ली में उच्चतम न्यायालय परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने विशेष अनुमति याचिका दायर कर दी है और कल इस पर सुनवाई होने की संभावना है।

■ **तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।**

गौड़ ने कहा कि राज्य विधानसभा में इस विधेयक के पारित होने पर सभी राजनीतिक दलों ने इसका समर्थन किया था, लेकिन अब भाजपा और बीआरएस अपना रुख बदलकर इसका विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार पीछे हटने को तैयार नहीं है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि तेलंगाना में पिछड़े वर्गों के लिए सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए, आदेश को उसकी सही भावना के अनुसार लागू किया जाए।

# जीतन राम ने सभी 6 प्रत्याशी घोषित किए

पटना, 14 अक्टूबर। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम)-सेक्यूलर ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हुए सीट बंटवारे के तहत मिली सभी छह सीटों पर मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

हम के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कुमार पांडेय ने सूची जारी करते हुये बताया कि इमामगंज (सु) से दीपा कुमारी, टिकारी से अनिल कुमार, बाराचट्टी (सुरक्षित) से ज्योति देवी,अतरी से रोमित कुमार, सिकंदरा (सुरक्षित) से प्रफुल्ल कुमार मांझी और कुटुंबा (सुरक्षित) से ललन राम को उम्मीदवार बनाया गया है।

■ **ज्ञातव्य है कि सीटों के बंटवारे में मांझी की पार्टी हम को 6 सीटें मिली हैं।**

उल्लेखनीय है कि 12 अक्टूबर को बिहार विधानसभा चुनाव में राजग में सीटों के बंटवारे पर समझौता हुआ था। सीट बंटवारे के तहत भाजपा 101, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) 101, लोक जनशति पार्टी (रामविलास) 29, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# लारेंस विश्नोई व रोहित गोदारा गैंग का अमित शर्मा अमेरिका में पकड़ा गया

## एडीजी दिनेश एम एन ने बताया कि अमित उर्फ जैक पंडित को भारत लाने की प्रक्रिया चल रही है

■ **मूलतः श्रीगंगानगर निवासी अमित शर्मा लारेंस गैंग के फायनेंस का काम देखता था। वह उगाही की रकम विदेश में प्राप्त करता था तथा विभिन्न माध्यमों से गैंग के सदस्यों तक पहुंचाता था।**

जयपुर, 14 अक्टूबर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के एक सक्रिय सदस्य अमित शर्मा को अमेरिका से गिरफ्तार किया है। अमित लंबे समय से अमेरिका में छिपा हुआ था। टीम उसे जल्द ही अमेरिका से भारत लाने की प्रक्रिया में जुट गई है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ एव अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य अमित शर्मा उर्फ जैक पंडित को जयपुर क्राइम ब्रांच की सूचना पर इंटरपोल ब्रांच के जरिए अमेरिका में गिरफ्तार करवाया गया है। शर्मा मूल रूप से श्रीगंगानगर के मटीली राठआन का रहने वाला है। वह कई मामलों में वांछित था। साल 2021 में मौका मिलने पर वह दुबई भाग गया। दुबई से स्पेन और स्पेन से अन्य देशों में होते हुए वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा। अमित शर्मा उर्फ जैक पंडित, फिलहाल कैलिफोर्निया जेल में बंद है, को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जयपुर क्राइम ब्रांच ने इसके लिए रेड कॉर्नर नोटिस और अन्य दस्तावेज अमेरिकी एजेंसी को भेजकर सूचना दी, जिसके बाद अमेरिकी पुलिस ने इसके ठिकानों का पता लगाकर इसे गिरफ्तार कर लिया।

एडीजी एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी अमित शर्मा गैंग के लिए विदेश में बैठकर आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाता था। वह गैंग के लिए फाइनेंस का काम देखता था, जिसके तहत वह उगाही की रकम विदेशों में प्राप्त करता था और विभिन्न माध्यमों से गैंग के सदस्यों तक पहुंचाता था।

इसके अलावा वह भारत से विदेश भागने वाले गैंग सदस्यों को शरण दिलाने,उनके लिए पैसे उपलब्ध कराने और फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने का काम भी करता था। गैंगस्टर रोहित गोदारा जब भारत से भागा था तब अमित पंडित ने ही उसके रहने की व्यवस्था की थी।

दिनेश एमएन ने बताया कि बदमाश अमित शर्मा ने विदेश भागने के बाद अपनी पहचान छुपाने के लिए कई नाम बदले उसको जैक, सुल्तान उर्फ डॉक्टर और पंडित जी और अर्पित आदि नाम से जाना जाता था लेकिन गैंग के मेंबर्स की ओर से अपराधी का नाम कभी सामने नहीं आया।

# भाजपा ने स्पीकर नंद किशोर यादव सहित 11 विधायकों के टिकट काटे

## भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 71 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट घोषित कर दी है

■ **भाजपा ने पहली लिस्ट में 9 महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया है।**

■ **इसके अलावा भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरभ को भी टिकट दिया है।**

पटना, 14 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बिहार विधानसभा चुनाव के लिये जारी 71 उम्मीदवारों की पहली सूची में विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव समेत 11 विधायकों के टिकट काट दिए हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने आज 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। सूची के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष और पटनासाहिब से सात बार के विधायक नंद किशोर यादव को टिकट नहीं दिया है। यादव के स्थान पर रत्नेश कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह रीगा से मोतीलाल प्रसाद, सीतामढ़ी से मिथिलेश कुमार, राजगनर से डा.रामप्रीत पासवान, नरपंतगंज से जयप्रकाश यादव ,गौराबौराम से स्वर्णा सिंह,औराई से राम सूरत कुमार, कटोरिया से डा. निक्की हेमब्रम, कुम्हरार से अरूण कुमार सिन्हा,आरा से पूर्व मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह और मुंगेर से प्रणव कुमार का टिकट कट गया है।

इस बार के चुनाव में भाजपा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव को दानापुर से टिकट दिया है। यादव ने वर्ष 2024 में पाटलिपुत्र संसदीय सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पुत्री मीसा भारती ने पराजित कर दिया था।

भाजपा ने नौ महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जिसमें बेतिया से रेणु देवी, परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह शामिल हैं।

भाजपा ने विक्रम से कांग्रेस के विधायक सिद्धार्थ सौरभ को अवसर दिया है। उन्होंने पिछले चुनाव में निर्दलीय अनिल कुमार को पराजित किया था।

# डब्ल्यू एच ओ ने कोल्ड्रिफ सहित तीन कफ सिरप को खतरनाक बताया

## दो अन्य सिरप है रैस्पिफ्रेश टी आर और रीलाइफ

■ **डब्ल्यू एच ओ ने सभी देशों से अपील की है अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलें तो तुरंत सूचित करें।**

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में बनी तीन मिलावटी दवाओं की पहचान की है, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा में रही कोल्ड्रिफ कफ सिरप शामिल है। यह सिरप भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स नामक कंपनी द्वारा बनाई गई थी। कुछ ही हफ्ते पहले मध्य प्रदेश में कई बच्चों की मौत के बाद यह मामला सामने आया, जिससे पूरे देश में चिंता बढ़ गई।

डब्ल्यूएचओ की जांच में पाया गया कि कोल्ड्रिफ सिरप में एक जहरीला रसायन डायथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) बहुत अधिक मात्रा में मिला है। बता दें कि डीईजी एक ऐसा केमिकल है जो शरीर के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। यह किडनी और लिवर को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है और बच्चों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है। कोल्ड्रिफ सिरप में इस रसायन की मात्रा 48 प्रतिशत से भी ज्यादा पाई गई, जबकि सुरक्षित मात्रा केवल 0.1 प्रतिशत तक होनी चाहिए।

कोल्ड्रिफ के अलावा, दो और सिरप भी डब्ल्यूएचओ की चेतावनी में शामिल हैं। पहली रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और दूसरी शेप फार्मा की रीलाइफ। डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से अपील की है कि अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलते हैं तो इसकी जानकारी तुरंत डब्ल्यूएचओ को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

कोल्ड्रिफ सिरप को लेकर जब जांच हुई, तो श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की दवा बनाने की अनुमति सरकार ने तुरंत रद्द कर दी। साथ ही, कंपनी के मालिक जी. रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद तमिलनाडु राज्य में सभी दवा कंपनियों की फैक्ट्रियों की गहन जांच शुरू कर दी गई है, ताकि यह देखा जा सके कि कहीं और भी गुणवत्ता में कोई लापरवाही तो नहीं बरती जा रही।

# प्रशांत ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

साहिब), डॉ. गुलशन यादव (बख्तियारपुर) और अवध किशोर झा (बेनीपुर)।

सूची में जाति और लिंग दोनों स्तरों पर विविधता देखने को मिल रही है।

# भजन गायिका मैथिली ठाकुर भाजपा में

पटना, 14 अक्टूबर। बिहार की चर्चित युवा लोक और भजन गायिका मैथिली ठाकुर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गई हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने ठाकुर को आज पार्टी की सदस्यता दिलाई।

गौरतलब है कि हाल ही में भााजपा चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के साथ मैथिली ठाकुर की तस्वीर भी सामने आई थी। उनके भाजपा में शामिल होने के बाद इस बात की भी चर्चा है कि वे अलीनगर सीट से चुनाव लड़ सकती हैं।

25 जुलाई 2000 को जन्मी मैथिली मधुबनी जिले में बेनीपट्टी की रहने वाली हैं और शास्त्रीय, लोक और भजन गायिकी में पारंगत हैं। उन्होंने संगीत की आरंभिक शिक्षा अपने पिता रमेश ठाकुर से ली।

# 'संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत है'

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में शांति सैनिकों के योगदान पर आयोजित सम्मेलन में कहा

■ **रक्षामंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि कुछ देश अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।**

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की पुरजोर वकालत करते हुए कहा है कि विश्वास के संकट का सामना कर रही यह संस्था मौजूदा वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं होने के कारण चुनौतियों से निपटने में विफल रही है। रक्षा मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

सिंह ने मंगलवार को यहां भारतीय सेना द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में यह बात कही। सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र में शांति सैनिकों का योगदान देने वाले देशों के सेना प्रमुखों को संबोधित करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के पुराने बहुपक्षीय ढ ांचे पर सवाल उठाते हुए इसमें सुधारों की वकालत की। उन्होंने कहा, "हम आज की चुनौतियों का सामना पुराने बहुपक्षीय ढ ांचों से नहीं कर सकते। व्यापक सुधारों के बिना, संयुक्त राष्ट्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया के लिए, हमें एक सुधारित बहुपक्षवाद की आवश्यकता है, जो आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे, सभी हितधारकों की आवाज बनें, समकालीन चुनौतियों का समाधान करे और मानव कल्याण पर केंद्रित हो।"

कुछ देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नियमों की खुलेआम धज्जियां उडाये जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पुरानी अंतर्राष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को मज़बूती से कायम रखने में मज़बूती से खड़ा है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुरूप सैन्य योगदान देने वाले देशों की अधिक भूमिका की वकालत करने वाली एक आवाज़ है। उन्होंने कहा, "जो लोग क्षेत्र में सेवा करते हैं और जोखिम उठाते हैं, उन्हें अपने मिशनों का मार्गदर्शन करने वाली नीतियों को आकार देने में एक सार्थक आवाज़ मिलनी चाहिए।"

# मध्यप्रदेश सरकार ने सुप्रीम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

2023 सर्वे रिपोर्ट भी शामिल है, जो राज्य में जातिगत भेदभाव के पैमाने को दर्शाती है।

लगभग 10,000 ग्रामीण और शहरी परिवारों के सर्वेक्षण में से 5,578 परिवारों (लगभग 56 प्रतिशत) ने कहा कि जब कोई तथाकथित उच्च जाति का व्यक्ति उनके घर के सामने से गुजरता है, तो उन्हें सम्मान के लिए चारपाई या मंच से उठकर खड़ा होना पड़ता है। 3,797 परिवारों ने बताया कि उनके गाँवों में आज भी अछूत प्रथा मौजूद है और जाति के अनुसार मोहल्ले अलग-अलग बनाए गए हैं। 3,763 परिवारों ने बताया कि ऊँची जातियों के लोग उनके साथ भोजन नहीं करते और 3,238 परिवारों ने कहा कि वे, पुजारी जाति का हवाला देकर, उनके घर धार्मिक अनुष्ठान करने से मना कर देते हैं। आर्थिक और शैक्षिक स्थिति भी गंभीर है। सर्वे में शामिल 76 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कक्षा 12 से आगे पढ़ाई नहीं की, 15.6 प्रतिशत स्नातक और 8.1प्रतिशत ही स्नातकोत्तर हैं। रिपोर्ट में इस शैक्षिक-आर्थिक अंतर को स्थायी गरीबी से जोड़ा गया है।

लगभग 94 प्रतिशत परिवारों ने कहा कि उन्हें शादी, खेती या बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लेना पड़ता है और केवल 27 प्रतिशत ही पक्के घरों में रहते हैं। कृषि और हस्तशिल्प में काम करने के बावजूद, लगभग आधे लोगों ने औद्योगिकीकरण और मशीनीकरण को आजीविका खत्म करने के लिए दोषी ठहराया। अन्य लोगों ने कहा कि श्रम कार्य के प्रति सामाजिक पूर्वाग्रह ने उन्हें बेरोज़गार कर दिया है।

अध्ययन के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक ओबीसी परिवारों में महिलाएँ दिहाडी मज़दूरी या खेतिहर मज़दूरी करती हैं, जिससे पहले से हाशिए पर मौजूद समुदाय के भीतर उनकी स्थिति सबसे अधिक संवेदनशील है। रिपोर्ट ने उनके लिए लाड़ली बहना और लाड़ली बेटी जैसी योजनाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की है ताकि जाति और लिंग दोनों के असंतुलन को दूर किया जा सके।

सामाजिक बहिष्कार जीवन और मृत्यु के अनुष्ठानों में भी दिखता है। आधे से अधिक परिवारों ने कहा कि उच्च जाति के लोग उनके साथ घर का बना खाना नहीं खाते, और 38 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें पीने का पानी तक नहीं दिया जाता।

लगभग 61प्रतिशत परिवारों ने बताया कि ब्राह्मण पुजारी उनके समुदाय में अंतिम संस्कार या नामकरण संस्कार नहीं करते, और 52 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें धार्मिक शिक्षा नहीं लेने दी जाती है। रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि ये अलग-अलग शिकायतें नहीं हैं, बल्कि उस समाज के लक्षण हैं, जो आज भी जाति के आधार पर गरिमा पर नियंत्रण रखता है।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफ़नामे में मध्य प्रदेश सरकार ने तर्क दिया है कि ये आँकड़े इस बात का ठोस प्रमाण हैं कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अब भी राज्य के सबसे वंचित सामाजिक समूहों में से एक है। सरकार ने ग्रामीण और शहरी, दोनों इलाकों में जातिगत अवरोधों को खत्म करने के लिए एक नई सामाजिक नीति, ढाँचे और निरंतर जनजागरूकता अभियानों व प्रशासनिक निगरानी की सिफारिश की है।

मध्य प्रदेश सरकार ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की कोशिश कर रही है, जिससे राज्य में कुल आरक्षण सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत सीमा से अधिक हो जाएगा।

# आईएमएफ भारत ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक की भूमिका निभाएगा। अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जिससे निर्यात पर कुछ नकारात्मक असर पड़ सकता है।

अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की अर्थव्यवस्था अपनी मजबूत घरेलू मांग के दम पर मजबूती से आगे बढ़ती रहेगी। घरेलू उपभोग अर्थव्यवस्था की कुल मांग का मुख्य हिस्सा है, जो इसे टिकाऊ बनाता है।

तुलनात्मक रूप से, विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएँ बहुत धीमी गति से बढ़ती हैं और माना जा रहा है कि ऊंचे टैरिफ का असर इन पर और ज्यादा पड़ेगा। ज्यादातर विकसित देश, खासकर यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य, अमेरिका और उसके बाजारों पर अत्यधिक निर्भर हैं।

आईएमएफ की "वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक" रिपोर्ट दुनिया की अर्थव्यवस्था की स्थिति और विभिन्न देशों की विकास दरों की तुलना पेश करती है। यह साफ तौर पर दिखाती है कि विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएँ धीमी पड़ रही हैं, जबकि भारत अपेक्षाकृत तेज़ गति से बढ़ रहा है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस साल 3.2 प्रतिशत और 2025-26 में 3.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। विकसित देशों की वृद्धि दर मात्र 1.5 प्रतिशत और अमेरिका की 2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इससे स्पष्ट होता है कि डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी दबाव में आ रही है।

सौभाग्य से, एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है, जिनमें भारत सबसे शानदार सफलता के रूप में उभरने वाला है।

आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि भारत 2030 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा और उसके तुरंत बाद जर्मनी को भी पार कर जाएगा। इस तरह, भारत 2030 के शुरुआती दशक में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निस्संदेह, यह भारत की मजबूत घरेलू मांग और उपभोग पर आधारित वृद्धि का परिणाम है।

# 'तुम लोगों ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

शामिल होंगे और न ही अपने किसी प्रतिनिधि को भेजेंगे। साथ ही, उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से यह स्पष्ट करने और तत्काल घोषणा करने की मांग की है कि यदि एनडीए दोबारा सत्ता में आती है, तो मुख्यमंत्री वही (नीतीश) होंगे। नीतीश चाहते हैं कि यह संदेश "स्पष्ट और निर्विवादित रूप" में दिया जाए, सिर्फ यह बयान देना ही पर्याप्त नहीं कि चुनाव उनके (नीतीश) नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। दूसरी ओर, मांझी और कुशवाहा भी अपनी उपेक्षा को लेकर भाजपा से नाराज़ बताए जा रहे हैं। जहाँ हम के बहुत से नेताओं ने सीट बंटवारा तय होने से पहले ही प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का रुख कर लिया था, वहीं, अब खबर है कि हम के कुछ अन्य सदस्य भी लगभग आधा दर्जन सीटों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं।

चूँकि बिहार में एनडीए गठबंधन की अस्थिरता का असर केंद्र सरकार की स्थिरता पर भी पड़ सकता है। इसलिये भाजपा जल्द ही, विशेषकर, जेडीयू के साथ सीट बंटवारे पर पुनर्विचार की पहल कर सकती है। फिलहाल, यह समझौता अधूरा और संशोधनाधीन है।

# मंगोलिया के लोगों को नि:शुल्क ई-वीज़ा

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए, दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगोलिया के नागरिकों के लिए निशुल्क ई -वीजा की घोषणा की है।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत मंगोलिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हुरेलसुख की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक भागीदारी के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छह वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक बहुत विशेष अवसर है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भारत मंगोलिया के नागरिकों को नि:शुल्क ई-वीजा देगा और हर वर्ष मंगोलिया से युवा कल्चरल एम्बेसडर्स की भारत यात्रा की भी व्यवस्था करेगा।

इस अवसर पर दोनों नेताओं ने वृक्षारोपण भी किया। मोदी ने कहा ," राष्ट्रपति हुरेलसुख ने अपनी स्वर्गीय माताजी के नाम पर जो वटवृक्ष लगाया है, वह आने वाली कई पीढ़ियों तक हमारी गहरी मित्रता और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रहेगा। "

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

# हाईकोर्ट ने डॉ. बलराज सिंह को वीसी पद से निलंबन का आदेश रद्द किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के वीसी पद से डॉ. बलराज सिंह को निलंबित करने वाले गत 7 अक्टूबर के आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने कुछ पाबंदियों के साथ याचिकाकर्ता को वीसी पद पर प्रभार ग्रहण करने को कहा है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता बतौर कुलपति कोई निर्णय नहीं लेंगे। अदालत ने स्पष्ट किया है कि मामले में जब तक जांच रिपोर्ट चांसलर के समक्ष पेष होकर उस पर निर्णय नहीं हो जाए, तब तक किसी भी नियुक्ति के लिए याचिकाकर्ता के नाम पर विचार नहीं किया जाए। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. बलराज सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- जांच रिपोर्ट पर चांसलर का फैसला आने तक किसी नियुक्ति पर विचार नहीं किया जायेगा

याचिका में अधिवक्ता सुनील समदडिया और अधिवक्ता अरिहंत समदडिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को कृषि विश्वविद्यालय के वीसी पद पर नियुक्त किया गया था। इस पद पर उसका कार्यकाल 15 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो रहा है। याचिकाकर्ता को यह कहते हुए निलंबित कर दिया गया कि उसने पाबंदी के बावजूद अपने कार्यकाल के अंतिम तीन माह में नीतिगत निर्णय लिए।

याचिका में कहा गया कि कार्यकाल समाप्ति से सिर्फ सात दिन पहले उसे निलंबित कर दिया गया, ताकि कार्यकर्ता कुलपति के रूप में पुनः नियुक्ति के लिए उसे अयोग्य ठहराया जा सके। याचिका में कहा गया कि विवि प्रशासन ने गत 14 अगस्त को विज्ञापन जारी कर नए कुलपति के लिए आवेदन मांगे। जिसमें याचिकाकर्ता ने भी आवेदन किया है। वहीं चयन समिति ने गत एक अक्टूबर को अपनी अंतिम बैठक कर 4 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। याचिकाकर्ता को विश्वास है कि रिपोर्ट में उसके नाम को भी नियुक्ति के विचारार्थ शामिल किया गया है।

याचिका में कहा गया कि विवि के सन् 2013 के अधिनियम की धारा 25 ए के तहत निलंबन से पूर्व राज्य सरकार से परामर्श जरूरी है। इसके बिना किसी भी कुलपति को निलंबित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा इसी धारा के तहत संबंधित कुलपति को सुनवाई का मौका देना भी जरूरी है। जबकि याचिकाकर्ता के निलंबन आदेश में राज्य सरकार से परामर्श लेने का उल्लेख नहीं है और ना ही उसे सुनवाई का मौका दिया गया। वहीं निलंबन आदेश में निराधार और अस्पष्ट कारण बताए गए हैं। इसलिए उसके निलंबन आदेश को रद्द किया जाए।

## निजी बस ने मां को कुचला, बेटा घायल

जयपुर। करधनी इलाके में एक प्राइवेट बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस टक्कर से स्कूटी सवार महिला और उसका बेटा सड़क पर गिर गए। जहां बस के नीचे कुचलने से महिला की मौत हो गई। वहीं इस हादसे के बाद बस चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद परिजन सड़क पर ही महिला के शव को लेकर धरने पर बैठ गए और कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया।

सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर को करधनी इलाके में बस की चपेट में आने से स्कूटी बेकाबू होकर गिर गई। स्कूटी पर सवार महिला वैजयंती देवी की बस के नीचे कुचलने से मौत हो गई। स्कूटी चला रहा बेटा नितिन को भी नीचे गिरने से चोट लगी। करधनी व कालवाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। परिजन शव लेकर सड़क पर बैठ गए, जिन्हें समझाइश कर शांत कराया।

# प्रताप नगर में बिना रोड कट की अनुमति खोद डाली मुख्य सड़क

## हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर और ठेकेदार फर्म का कारनामा



- लोगों की शिकायत पर पार्षद विनोद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर रोड कट की परमिशन मांगी तो आवासीय अभियंता ने ग्रेटर निगम आयुक्त से मौखिक मंजूरी मिलने की बात कही, नाराजगी के बाद काम बंद हुआ
- जबकि ग्रेटर निगम के अधिशाषी अभियंता बृजेश गर्ग ने भी साफ मना किया है कि, उन्होंने कोई भी रोड कट की परमिशन इस काम के लिए नहीं दी

जयपुर (कासं)। प्रताप नगर क्षेत्र में हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर और ठेकेदार ने ग्रेटर नगर निगम प्रशासन से रोड कट की मंजूरी लिए बिना ही मुख्य सड़क खुदवा दी। लोगों की शिकायत पर वार्ड 115 के पार्षद विनोद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार से रोड कट की परमिशन दिखाने को कहा तो वह झेंप गया। इसके बाद आवासन मंडल के इंजीनियर रामनिवास सिंघल ने ग्रेटर निगम कमिश्नर से इसकी मौखिक स्वीकृति लेने की बात कही, जिस पर पार्षद ने आयुक्त से बात करवाने को कहा तो उन्होंने भी आनाकानी कर दी।

इसी बीच जब पार्षद विनोद शर्मा ने इस पूरे मामले की जानकारी ग्रेटर निगम के सांगानेर जोन के अधिशाषी अभियंता बृजेश गर्ग से मांगी तो उन्होंने भी साफ मना कर दिया कि, रोड कट की ऐसी कोई स्वीकृति जारी नहीं की गई है। इस घटनाक्रमा के बाद स्थानीय लोगों की नाराजगी और बढ़ गई, जिसके बाद सड़क खोदने वाली फर्म पी.एम. कंस्ट्रक्शन के लोग मौके से भाग छूटे।

सूत्रों ने बताया कि प्रताप नगर सेक्टर 16 व 17 में करीब डेढ़ से 2 किलोमीटर दूरी में हाऊसिंग बोर्ड के ठेकेदार द्वारा सड़क खोदकर पानी की लाइन डालने काम किया जा रहा है। कुछ जगहों पर तो रात के अंधेरे में यह कारनामा हुआ, परंतु मंगलवार दोपहर में जब सड़क की खुदाई पुनः शुरू हुई तो लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए स्थानीय पार्षद विनोद शर्मा को मौके पर बुलाया। पार्षद ने जे.सी.बी. मशीन से खुदाई कर रहे पी.एम. कंस्ट्रक्शन के लोगों से रोड कट की परमिशन दिखाने की बात कही। पहले तो ठेकेदार फर्म ने आनाकानी शुरू कर दी, इसके बाद पार्षद की बात इंजीनियर रामनिवास सिंघल से करवायी गई। पार्षद विनोद शर्मा ने बताया कि, इंजीनियर सिंघल ने इस रोड खुदाई की स्वीकृति ग्रेटर निगम कमिश्नर डॉ. गौरव सैनी से लेने की बात कही। जिस पर पार्षद ने कहा कि या तो आप मुझे स्वीकृति दिखाओ, अगर कमिश्नर की मौखिक स्वीकृति की आप बात कह रहे तो मैं अभी पुलिस थाने में जाकर एफ.आई.आर. दर्ज करवाता हूं। इसी बीच ग्रेटर निगम के सांगानेर जोन के इंजीनियर भी मौके पर पहुंच गए और तुरंत काम बंद करवाया।

पार्षद विनोद शर्मा का कहना है कि, हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन ने जानबूझकर ग्रेटर निगम प्रशासन से रोड कट की मंजूरी नहीं ली, क्योंकि अगर ठेकेदार फर्म ग्रेटर निगम से रोड कट की परमिशन लेता तो उसे करीब 5 से 10 लाख रु. नगर निगम प्रशासन को चुकाने पड़ते। परंतु हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर और ठेकेदार के गठजोड़ ने रातोंरात यह सड़क खुदवा दी। यह सरासर भ्रष्टाचार है। विनोद शर्मा ने कहा कि, दीपावली का त्यौंहार सिर पर है, एक तरफ तो टूटी सड़कों को ठीक करवाया जा रहा है, दूसरी तरफ ठेकेदार और इंजीनियर्स मिलकर बनी-बनाई सड़कों को तोड़ रहे है, यह बर्दाश्त नहीं होगा। अगर रोड कट की मंजूरी नहीं ली जाती है तो किसी सूरत में सड़क में गडढ़े नहीं करने दिए जाएंगे। इस प्रकरण में जब ग्रेटर निगम के अधिशाषी अभियंता बृजेश गर्ग से बात की गई तो उन्होंने भी साफ मना किया है कि, रोड कट की कोई परमिशन उन्होंने नहीं दी है। हालांकि विवाद होने के बाद निगम टीम ने काम बंद करवा दिया है।

# नियम बनने तक जेनेटिकली मॉडिफाइड फूड के निर्माण, बिक्री और आयात पर रोक

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जेनेटिकली मोडिफाइड (जीएम) फूड यानि आनुवांशिक रूप से संशोधित खाद्य पदार्थों के लिए केन्द्र सरकार, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को छह माह में विस्तृत नियम बनाने और उन्हें लागू करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने नियम नहीं बनने तक किसी भी जीएम फूड के निर्माण, बिक्री, वितरण और आयात की मंजूरी नहीं देने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया है कि विदेश से आयात होने वाले हर फूड के लिए जीएम फ्री प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश कृतेश ओसवाल व अन्य की जनहित याचिका पर दिए। खंडपीठ ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि खाद्य उत्पादों में जेनेटिकली मोडिफाइड का मामला एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, लेकिन फिर भी केंद्र सरकार ने अभी तक प्रासंगिक नियमों को ही अंतिम रूप नहीं दिया है और ना ही इन्हें अधिसूचित ही किया है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और एफएसएसएआई की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में सुरक्षित भोजन का अधिकार भी शामिल है। खाद्य सुरक्षा को केवल एक नियामक या बाजार के मुद्दे के तौर पर नहीं देख सकते। खंडपीठ ने लीगल मेट्रोलॉजी पैकेज्ड कमोडिटीज रूल्स, 2011 के नियम 6 के उपनियम 7 को बरकरार रखा है। इसके तहत जीएम खाद्य पदार्थों पर जीएम लेबल लगाना अनिवार्य होता है। खंडपीठ ने कहा कि यह नियम उपभोक्ताओं को सही जानकारी देने के लिए जरूरी है। वहीं खंडपीठ ने देश के सभी बंदरगाहों और सीमा शुल् क अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे विदेश से आने वाले कोई भी खाद्य सामान को तभी भारत में दाखिल करें, जब उसके साथ निर्यातक देश की ओर से जारी जीएम फ्री प्रमाण पत्र हो।जनहित याचिका में याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने बताया कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 22 के तहत जीएम खाद्य पदार्थों के लिए नियम बनाने का स्पष्ट प्रावधान है। इसके बावजूद 19 साल बीतने के बाद भी अभी तक नियम नहीं बने हैं। वहीं जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रैजल कमेटी ने 2007 से 2015 के बीच जीएम खाद्य तेल के आयात की अनुमति दी गई थी। इसलिए जब तक इनके लिए प्रभावी नियम बनकर उन्हें लागू नहीं किया जाए, तब तक देशभर में जीएम फूड पर रोक लगाई जाए।

## 'टोंक रोड का नाम भैरोंसिंह शेखावत मार्ग अविलंब रखा जाए'

जयपुर। ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने कहा कि नगर निगम की कार्यकारी समिति की तृतीय बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि रामबाग सर्किल से लेकर नगर निगम सीमा तक टोंक रोड का नाम भैरों सिंह शेखावत मार्ग रखा जाए। यह निर्णय राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरों सिंह शेखावत जी की स्मृति को समर्पित है।

उपमहापौर ने कहा कि इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन में यह कहते हुए विलंब किया जा रहा है कि राज्य सरकार के 31 अगस्त 2000 के नोटिफिकेशन के अनुसार नामकरण से पूर्व संभागीय आयुक्त से अनुमति आवश्यक है, जबकि यह तर्क पूरी तरह निराधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 अगस्त 2000 का नोटिफिकेशन मात्र प्रशासनिक दिशा-निर्देश है।

# प्रदेश में उच्च गुणवत्ता के साथ सड़कों की मरम्मत के निर्देश

- वित्त विभाग ने 1592 कार्यों के लिए 799 करोड़ रु. स्वीकृत किए

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने व प्रत्येक असुविधा को दूर कर जीवन, रोजगार व अन्य अवसर आसान बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

इसी क्रम में राज्य के सभी 41 जिलों में वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण सड़कों, राज्य राजमार्गों, मुख्य जिला सड़कों एवं शहरी सड़कों की स्थाई मरम्मत के 1592 कार्य के लिए 798.80 करोड़ की वित्तीय सहमति प्रदान की है। पूर्व में देखा गया है कि वर्षा के समय सड़कों की हालत जर्जर हो जाती है जिससे आमजन को सड़क धसंने, गड्ढे होने, यातायात साधनों का बंद हो जाना, जल भराव, दुर्घटना आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इनकी समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आमजन को कोई असुविधा न हो। इस राशि से सड़कों की मरम्मत इस प्रकार की जाएगी कि भविष्य में सड़कें जल्दी खराब नहीं होगी, सड़कों पर जल भराव नहीं होगा और सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी।

# डीओआईटी के पूर्व संयुक्त निदेशक के खिलाफ प्रसंज्ञान रद्द करने से इनकार

- योजना भवन के बेसमेंट की अलमारी में 2 करोड रुपए से अधिक की नकदी और 1 किलो सोना मिलने का मामला

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने योजना भवन के बेसमेंट की अलमारी में मिली दो करोड रुपए से अधिक नकदी और एक किलोग्राम सोने से जुडे ईडी मामले में डीओआईटी के तत्कालीन संयुक्त निदेशक आरोपी वेद प्रकाश यादव की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा है कि अलमारी में राशि और सोना रखते समय अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया जा रहा था। ऐसे में अभियोजन स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं थी। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश वेद प्रकाश यादव की याचिका को खारिज करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि ईडी मामलों की विशेष अदालत ने उसके खिलाफ प्रसंज्ञान लेते समय इस तथ्य को ध्यान में नहीं रखा कि मामले में अभियोजन स्वीकृति नहीं ली गई है। जबकि राज्य सरकार कर्मचारी के खिलाफ बिना अभियोजन स्वीकृति लिए बिना अभियोजन की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। ऐसे में ईडी कोर्ट के 21 मार्च, 2024 के प्रसंज्ञान आदेश को रद्द किया जाए। जिसका विरोध करते हुए ईडी की ओर से अधिवक्ता अक्षय भारद्वाज ने कहा कि डीओआईटी कार्यालय की अलमारी में भारी मात्रा में नकदी और सोने की ईंट रखने का कृत्य आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान किया गया कार्य नहीं है। ऐसे में इसके लिए अभियोजन स्वीकृति की जरूरत नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया है।

गौरतलब है कि 19 मई, 2023 को योजना भवन के बेसमेंट में रखी अलमारी से 2.31 करोड़ रुपए की नकदी और एक किलोग्राम सोना बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच के बाद डीओआईटी के संयुक्त निदेशक वेद प्रकाश यादव के खिलाफ एसीबी में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद ईडी ने अलग से प्रकरण दर्ज कर वेद प्रकाश को गिरफ्तार किया था।

# वैश्य फैडरेशन एक नवंबर को देगा दीपावली सजावट पुरस्कार

जयपुर (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फैडरेशन राजस्थान दीपावाली सजावट पुरस्कार 1 नवंबर को दिए जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े होंगे। यह जानकारी राज्य प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एन. के. गुप्ता, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता और प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कालानी ने दी है। उन्होंने बताया कि व्यापारिक संगठनों ने इस वर्ष पहली बार 18 से 23 अक्टूबर तक छह दिन की सजावट करने की घोषणा की है।

- 18 से 23 अक्टूबर तक दीपावली की तक सजावट होगी




अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फैडरेशन राजस्थान के प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एन. के. गुप्ता, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता और प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कालानी ने मंगलवार को प्रैसवार्ता की।

ध्रुवदास अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 4 वर्षों से दीपावली के अवसर पर जयपुर के बाजारों की विश्व प्रसिद्ध सामूहिक लाइटिंग व सजावट के लिए व्यापारिक संगठनों, मॉल्स के प्रतिनिधियों एवं दुकानदारों को सर्वश्रेष्ठ सजावट पुरस्कार प्रदान किया जाता है। अग्रवाल ने सभी लोगो से अपील की है कि स्वदेशी अपनाए व देश को मजबूत बनाये। सभी आवश्यक सामान स्वदेशी खरीदे जिससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो व देश में विकाश हो। दीपावली पर सजावटी सामान, दीपक व अन्य उपयोगी सामान सड़क किनारे बैठकर बेचने वाले लोगो से खरीदे, जिससे उनके घर भी दीपावली खुशी से मनाई जा सके। ध्रुवदास अग्रवाल ने कहा कि, यह जयपुरवासियों के लिए गर्व का विषय है कि शहर की विश्व प्रसिद्ध सामूहिक दीपावली सजावट को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटकों का आगमन प्रारंभ हो चुका है। अधिकांश होटल पूर्ण रूप से बुक हो चुके है।

प्रदेश अध्यक्ष एन. के. गुप्ता और प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता व प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कालानी ने बताया कि जयपुर को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इसमें चार दिवारी क्षेत्र, बाहरी क्षेत्र (पूर्व) तथा बाहरी क्षेत्र (पश्चिम) रखे गए है। तीनों क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ बाजार, प्रतिष्ठान एवं मॉल को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ सजावट के चयन हेतु तीन संयोजक नियुक्त किए गए हैं।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/824
चूंकि प्रार्थी श्री Dinesh Sharma, E-134, Prem Nagar, Jhotwara, Jaipur Rajasthan 302012 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास Saraswati Swarojgar Evm Prashikshan Sansthan, Saraswati Bhawan, Shop No 7-8, Mehant Colony, Khatipura Jaipur Rajasthan 302012 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15/12/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/828
चूंकि प्रार्थी श्री संतोष कुमार शर्मा, खारी कोठी मौहल्ला दौसा राजस्थान 303303 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास परमार्थ सेवा संस्थान दौसा, खारी कोठी मौहल्ला दौसा राजस्थान 303303 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा पूदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15/12/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 496/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री भैरू लाल शर्मा निवासी मन्दिर श्री दाऊ जी महाराज जोहड़ा किशनदास ग्राम छारसा, तहसील शाहपुरा जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मन्दिर श्री दाऊ जी महाराज जोहड़ा किशनदास जी ट्रस्ट कार्यालय पता-मन्दिर श्री दाऊ जी महाराज जोहड़ा किशनदास जी ठाम छारसा, तहसील शाहपुरा जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ठासित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10/10/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 19/12/25
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर



**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
क्रमांक-एफ-18()सि.ला.ओ./उपा./ननिजाहै/2025/1848
अनापत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक-13/10/2025
भूखण्ड संख्या 37 वेन्कटेश्वर कॉलोनी सोडाला जयपुर का पट्टा क्षेत्रफल 200 व.ग. का नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा वर्ष 2022 मे श्री प्रमोद कुमार महेश्वरी पुत्र श्री वृज वल्लभ महेश्वरी के नाम से जारी हैं। तत्पश्चात् श्री प्रमोद कुमार महेश्वरी पुत्र श्री वृज वल्लभमहेश्वरी जरिये पंजीकृत विक्रय पत्रः श्री रमेश करनानी व श्रीमती माधुरी करनानी को वेचान किया गया। आवेदनकर्ता द्वारा प्रस्तुत निर्धारित अण्डरटेकिंग, पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 200 व.ग. का पट्टा श्री रमेश करनानी व श्रीमती माधुरी करनानी के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को इस पट्टा बावत में आपत्ति के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म को कोई आक्षेप नही है। और मामले का तदनुसार निपटारा किया जाएगा।
उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज



विज्ञप्ति **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्र: ज.वि.प्रा./उपा./जोन-14/2025/डी- दि.
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अलका सिंह पुत्री श्री हरदयाल सिंह, निवासी- निवासी फ्लैट नम्बर DWA/B-601 द्वारका अपार्टमेंट, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान 302020 द्वारा नाम हस्तान्तरण/लीजहोल्ड से फ्री-होल्ड पट्टा चाहने हेतु ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 254442 दिनांक 25.09.25 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड संख्या | मूल लीज धारक | क्षेत्रफल | समिति का नाम/निजी खातेदारी/जविप्रा | योजना का नाम | प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलका सिंह पुत्री श्री हरदयाल सिंह | ए-398 | श्री बृजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री केवल कृष्ण शर्मा | 162.0 व.मी. | खातेदारी/जविप्रा जविप्रा | सालिगराम पुरा | लीजडीड क्रमांक 29 दिनांक 21.09.200 को श्री बृजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री केवल कृष्ण शर्मा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17.11.09, एवं रजिस्टर्ड उपहार पत्र 23.08.24 आदि दस्तावेजों के आधार पर। |

अतः आवेदकगणों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/हितधारक को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण/लीजहोल्ड से फ्री-होल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-14


## दुपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

जयपुर। संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर मोहम्मद शाहिद कुरैशी उर्फ शानू निवासी शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।


**PUBLIC NOTICE**
Jaipur National University (JNU) wishes to clarify that it had no collaboration with Brillianz Educational Group in the past. JNU requests all concerned stakeholders, including students, to take note that Brillianz Educational Group is not authorized to use the name of the University for any programs offered through Open and Distance Learning (ODL) and also had no such authorization for online modes in the past.This notice is issued in the interest of protecting the interest of all stakeholders.
**Issued by:** Jaipur National University
**Date:** 14.10.2025



**नाम परिवर्तन**
मैं, प्रियंकाबहन जिग्नेशकुमार पटेल, निवासी खापरवाड़ा, जिला- नवसारी, गुजरात, ने भविष्य के लिए अपने पति के सर्विस रिकॉर्ड आर्मी नं-14677730Y में अपना नाम प्रियंकाबहन से बदलकर प्रियंकाबहन जिग्नेशकुमार पटेल कर लिया है। शपथ पत्र संख्याः 0018299088, दिनांकः 16-09-2025

मै पटेल जिग्नेश कुमार भगुभाई आर्मी नं 14677730Y निवासी खापरवाड़ा, जिला- नवसारी, गुजरात ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड अपने बेटे का नाम हेत से बदलकर हेत जिग्नेशकुमार पटेल में कर दिया है। शपथ पत्र संख्या- 0018299087 दिनांक- 16-09-2025

मैंने अपना नाम मोहम्मद मुजफ्फर पुत्र मोहम्मद अख्तर से बदलकर मोहम्मद मुजफ्फर सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद अख्तर सिद्दीकी कर लिया है । निवासी- ए 5 ए, गणेश विहार दरबार कॉलोनी, दिल्ली बाईपास रोड, जयपुर



**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
क्रमांक:- एफ-18 ()सिला0जो0/उपा/ननिजहै/2025/1846 दिनांक- 11/10/2025
अनापति आमंत्रण सूचना
भूखण्ड न. 73 ए गौरव नगर सिविल लाईन्स जयपुर का पट्टा क्षेत्रफल 500 व.ग. का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती मिथिलेश कुमारी पत्नी श्री एच.पी कुच्छल को जारी किया गया है। कार्यालय आदेश क्रमांक LSG/JAIPUR HERITAGE/MUT/2025-26/124762 दिनांक 23.05.2025 द्वारा श्री राहुल प्रकाश कुच्छल एवं श्रीमती वन्दना कुच्छल के नाम से जारी किया गया था दिनांक 02.07.2025 को श्री राहुल प्रकाश कुच्छल द्वारा श्रीमती वन्दना कुच्छल को उक्त भूखण्ड जरिये उपहार पत्र के माध्यम से दिया गया। निर्धारित अण्डरटेकिंग, उपहार पत्र, के आधार पर उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 500 व.ग. का नाम हस्तानान्तरण श्रीमती वन्दना कुच्छल पत्नी श्री राहुल प्रकाश कुच्छल के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को इस नाम हस्तानान्तरण बाबत मे आपति के प्रकाशन तिथी से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म को कोई आक्षेप नही है। और मामले का तद्नुसार निपटारा किया जाएगा।
उपायुक्त सिविल लाईन जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज



**खोया पाया**
मेरे भूखण्ड संख्या-ए-280 रघुनाथ विहार योजना का मूल आवंटन पत्र कब्ज़ा पत्र कही गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें सीताराम शर्मा 9610631201

आवास संख्या 117/74 का मूल आवंटन पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। लाजवती भरवानी मो.9660055764

भूखंड संख्या 9 योजना ज्ञान विहार का ज.वि.प्रा. द्वारा जारी पट्टा, साइट प्लान एवं स्टांप कहीं गुम हो गए है मिलने पर संपर्क करें। सरोज डुगर- 9549367000



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## 35 लाख रु.के जेवर लूटने वाले 7 बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। हरमाड़ा थाना पुलिस ने 11 अक्टूबर को दिन दहाडे पैंतीस लाख रुपये के जेवरात लूट मामले में कार्रवाई करते हुए सात बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से लूटे गए पैंतीस लाख रुपये के जेवरात भी बरामद किए गए है।

पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि इस लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी पीड़ित का परिचित है,जिसने ही इस पूरी लूट की वारदात की योजना बनाई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम)हनुमान प्रसाद ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने 11 अक्टूबर को बालाजी कॉलेज सामने गणेश नगर में ज्वैलर्स प्रितेश वर्मा निवासी मुरलीपुरा के साथ हुई लूट की वारदात करने वाले अमित जांगिड़ उर्फ बिट्टू (38) निवासी मुरलीपुरा जयपुर, जयवर्धन सिंह जोधा उर्फ जेपी (24) निवासी हरमाडा जयपुर,लक्ष्य वर्मा (18) निवासी झोटवाड़ा हाल खोराबीसल जयपुर, अजय यादव उर्फ अज्जू (18) निवासी शाहपुरा जयपुर ग्रामीण हाल करधनी जयपुर,अध्ययन राजावत उर्फ मोनू(19) निवासी झोटवाड़ा हाल विधाधर नगर जयपुर,नवीन शर्मा (20)निवासी करधनी जयपुर हाल विद्याधर नगर जयपुर और देव राज सिंह(19) निवासी विधाधर नगर जयपुर को गिरफ्तार कर लिया हैं।

# 'अस्पतालों में फायर सेफ्टी और सुरक्षा प्रबंध पुख्ता हो'

## अगर कहीं पर लापरवाही मिली तो संस्थान प्रभारी जिम्मेदार होंगे : चिकित्सा मंत्री

- एन.पी.ए. लेने के बाद भी प्रेक्टिस करने वाले डॉक्टर्स पर होगी कार्रवाई

जयपुर। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में रोगियों एवं उनके परिजनों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अधिकारी सभी चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। अगर किसी भी चिकित्सा संस्थान में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कमी मिली तो संबंधित प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी और सख्त एक्शन लिया जाएगा।

चिकित्सा मंत्री मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा प्रबंध, मौसमी बीमारियों, मानव संसाधन, जांच, दवा एवं उपचार की व्यवस्थाओं सहित अन्य विषयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ले रहे थे। मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि विगत दिनों एसएमएसएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में हुई आग की घटना बेहद दुःखद है। ऐसी घटनाओं से सबक लेने की आवश्यकता है। प्रदेश के शत-प्रतिशत चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित की जाए। न केवल राजकीय बल्कि निजी चिकित्सा संस्थानों में भी फायर सेफ्टी नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित हो।

खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी उपकरण क्रियाशील हों और इस स्थिति में हों कि आवश्यकता होने पर उनका उपयोग किया जा सके। प्रभारी अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। समय-समय इन उपकरणों की टेस्टिंग की जाए। साथ ही, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मॉक ड्रिल भी की जाए। उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों में इस वर्ष फायर सेफ्टी ऑडिट नहीं हुई है, वे तत्काल कराएं। कहीं भी सुरक्षा प्रबंध को लेकर बजट आदि की आवश्यकता है तो प्रस्ताव विभाग को भिजवाएं। चिकित्सा मंत्री ने सख्त हिदायत दी कि ऐसे चिकित्सक जो नॉन प्रेक्टिस अलाउंस ले रहे हैं, वे प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करें। अगर कहीं ऐसा मिलता तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि बारिश थमने के बाद विगत दिनों में मौसमी बीमारियों के केस बढ़ने लगे हैं। अधिकारी डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व स्क्रब टायफस सहित अन्य मौसमी बीमारियों की स्थिति पर निगरानी रखें। सभी जगह जांच, दवा एवं उपचार के माकूल इंतजाम रखे जाएं। जहां केस ज्यादा सामने आ रहे हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए।

## विश्व हिंदू परिषद् के राष्ट्रीय प्रवक्ता को फोन पर धमकी

जयपुर। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता को धमकी वाला कॉल आने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार यह कॉल दुबई के नम्बर से आया है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता की ओर से गांधी नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक ने मामला दर्ज करवाया है कि उन्हे दुबई के नम्बर से कॉल आया था और कॉल करने वाले ने गंदे शब्दों में पहले बात की। इसके बाद कहा कि मीडिया चैनल पर जाकर जो गलत बोलते हो। अगर यह जारी रहा तो वह गलत होगा। जिस के बाद अमितोष ने कहा कि वह ऐसा क्या बोला जो आप धमकी दे रहे हैं तो फोन करने वाले ने कहा कि मुझे तेरी गर्दन चाहिए। फोन कर्ता ने प्रवक्ता के सेलफोन पर भी कई मैसेज कर के धमकी दी हैं। जिस पर पीड़ित ने पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। जिस पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टेररिस्ट एक्ट में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज की गई। जिस नम्बर से फोन आया उस की डीपी पर एक फोटो लगा हैं इस बात की पुष्टि की जा रही है कि यह फोटो धमकी देने वाले की ही है या किसी और से फिलहाल जिन नंबरों से कॉल आया था उन नंबरों के आईपी एड्रेस पता करने का प्रयास किया जा रहा हैं।


**आम सूचना**
सभी को सूचित किया जाता है कि गाड़ी संख्या RJ45CU3485 जो कि जयपुर आरटीओ में संतोष मिश्रा पत्नी स्व. महाशंकर मिश्रा के नाम से पंजीकृत है। इनके निधन के पश्चात् इसे आज दिनांक-15.10.2025 को विद्याधर नगर आरटीओ में पुत्री अंजु मिश्रा के नाम पर ट्रांसफर कराया जा रहा है। इसको लेकर यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर विद्याधर नगर आरटीओ में संपर्क करें। 9829283290

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य कानाराम पुत्र नानकराम मीणा निवासी मल्होत्रा नगर, (उदक पाण्ड) रोड, नम्बर 1 वी. के. आई जयपुर ने एक विक्रय इकरारनामा भूमि स्थित ग्राम सिरसयावास पटवार आखेपुरा तहसील आमेर जिला जयपुर खाता संख्या 30/36 खसरा नम्बर 323, 324, 325, 349, 350, कुल किता 5 कुल, रकबा 0.30 हैक्टेयर, को क्रय करने का इकरारनामा जगु पुत्र मांगीलाल व अन्य सह खातेदारो से क्रय कर भूमि पर काबिज हैं तथा अधिकांश विक्रय प्रतिफल का भुगतान खातेदारान को किया जा चुका है वर्तमान मे उक्त इकरारनामा दिनांक 10.11.2006 प्रभावी है कोई भी व्यक्ति उक्त खसरान की भूमि को जगु पुत्र मांगीलाल के हिस्से को क्रय विक्रय करता है तो किया गया क्रय विक्रय मेरे अभिभाष्य के अधिकारो के प्रति शून्य प्रभाव का माना व समझा जावेगा। अतः एवं सूचित रहे। 14/10/2025 (सतीश मोदी एडवोकेट, 9314833316)



**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
क्रमांक:- एफ-18 ()सिला0जो0/उपा/ननिजहै/2025/1845 दिनांक- 11/10/2025
अनापति आमंत्रण सूचना
भूखण्ड न. 73 गौरव नगर सिविल लाईन्स जयपुर का पट्टा क्षेत्रफल 500 व.ग. का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती मिथिलेश कुमारी पत्नी श्री एच.पी कुच्छल को जारी किया गया है। कार्यालय आदेश क्रमांक LSG/JAIPUR HERITAGE/MUT/2025-26/124754 दिनांक 23.05.2025 द्वारा श्री राहुल प्रकाश कुच्छल एवं श्रीमती वन्दना कुच्छल के नाम से जारी किया गया था दिनांक 02.07.2025 को श्री राहुल प्रकाश कुच्छल द्वारा श्रीमती वन्दना कुच्छल को उक्त भूखण्ड जरिये उपहार पत्र के माध्यम से दिया गया। निर्धारित अण्डरटेकिंग, उपहार पत्र, के आधार पर उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 500 व.ग. का नाम हस्तानान्तरण श्रीमती वन्दना कुच्छल पत्नी श्री राहुल प्रकाश कुच्छल के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को इस नाम हस्तानान्तरण बाबत मे आपति के प्रकाशन तिथी से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म को कोई आक्षेप नही है। और मामले का तद्नुसार निपटारा किया जाएगा।
उपायुक्त सिविल लाईन जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज



**जयपुर विकास प्राधिकरण**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर
क्रमांक-जविप्रा/उपा/पीआरएन-उत्तर(द्वितीय)/2025/डी **सूचना** दिनांक-
पृथ्वीराज नगर में निम्न योजना के निम्न भूखण्डधारियों/भूखण्डधारी ने नियमन/भू-आवंटन हेतु पृथ्वीराज नगर (उत्तर-द्वितीय), जविप्रा में आवेदन प्रस्तुत किये है। जो फ्री-होल्ड लीजडीड/नाम हस्तान्तरण प्रतिस्थापन हेतु कार्यालय को प्राप्त हुये है-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया है। | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सम्पत राज व्यास पुत्र श्री मेघराज व्यास | श्रीमती शशिकान्ता व्यास | 21 | 390 | अपोलो नगर हा.सि.को.सो.लि. | जगदम्बा नगर-ए | नाम हस्तान्तरण | जविप्रा द्वारा जारी लीज एवं अपंजीकृत दस्तावेजो व अन्य |

उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II, जविप्रा, जयपुर




Finance Partners: TVS CREDIT, IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST, SHRIRAM Finance, HINDUJA LEYLAND FINANCE, TATA CAPITAL Two Wheeler Loans, Chola Enter a better life

* Applicable only on select models. ## Price benefit from revised GST rates on TVS Raider SX variant. ^ Offer applicable on TVS Sport only and cannot be clubbed with "Free Extended Warranty scheme". # Ex-showroom price of select variants in Rajasthan. Prices mentioned are applicable from 22nd September, 2025.
** Finance at the sole discretion of the financier. Accessories shown may not be part of the standard fitment. Limited period offer. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत मुख्य विक्रेता : **जयपुर** : के एस टीवीएस, एम.आई.रोड, फोन : 9116141140, **टोंक रोड** : ग्लास फैक्ट्री के सामने, फोन 9116305111, **सीकर रोड** : ढेहर का बालाजी, फोन : 9414042893, श्री श्याम टीवीएस, बी-7, सेठी कॉलोनी, गोविन्द मार्ग, **राजापार्क**, जयपुर फोन : 9116629662, मान-प्रताप टीवीएस, गांधी पथ, **वैशाली नगर**, फोन : 8112233333, ऊँ साई टीवीएस, जगतपुरा रोड, **जगतपुरा** फोन : 9314675000, **मानसरोवर** : ए एम जी टीवीएस, फाउंटेन स्क्वायर पार्क के सामने वीटी रोड, फोन : 9982095050, **कोटपुतली** : संतोष टीवीएस, शक्ति विहार के सामने, ने. हाईवे 8, फोन : 7665007995, अधिकृत विक्रेता : जयपुर : टोडी हरमाड़ा : फोन : 9680049292, बेनाड़ रोड, फोन : 9413881523, न्यूसांगानेररोड, मैट्रो पिलर नं.100, फोन : 9314414400, सांगानेर : फोन : 7615977959, शिवदासपुरा, फोन : 9694732580, चाकसू, फोन : 9783100555, नारायण विहार : फोन : 9314549156, प्रतापनगर : फोन : 9829031099, झोटवाड़ा फोन : 9829427104, रावण गेट : फोन : 9460654466, हातोज : फोन : 7790895999, सिरसी रोड : फोन : 9928035828, डीसीएम: 9785199099, मुरलीपुरा : फोन : 9529777775, शास्त्री नगर, फोन : 9079049886, कानोता, फोन : 8947897521, बस्सी : फोन 9414072297, बांसखोंह : फोन : 9602665562, नाई की थड़ी : फोन : 9649060544, अभयपुरा : फोन : 9314651866, श्याम नगर : फोन : 9413881523, सरणाडूंगर : फोन : 8890259562, भांकरोटा : फोन : 9950707805, वाटिका : फोन : 9929990787, अचरोल : फोन : 8107344769, लुणियावास : फोन 9828489446, जोबनेर : फोन : 9982691445, फुलेरा : फोन 9782278419, दूदू : फोन : 9799999497, तुंगा : फोन : 9928657373, कृष्णगढ़ रेनवाल : फोन : 9829170174, जमवारामगढ़ : फोन : 9887998841, रामगढ़ मोड़, फोन : 8852868959, आंधी : फोन : 8005724005, मुहानामंडी रोड, जयपुर : फोन : 9351112244, आमेर कुंडा : फोन : 9376935679, मनोहरपुरा, फोन : 9549732263, शाहपुरा : फोन : 9649234949, पावटा : फोन : 9024909011, शाहजहांपुर : फोन : 8890726272, कालाडेरा : फोन : 9928777867, गोविन्दगढ़ : फोन : 9983135135, खेजरोली : फोन : 8009800951, चौमूं : फोन : 9413366688, रेनवाल मांझी: 9983101080, दातारामगढ़ : फोन : 9413344176, बगरु : फोन : 9672700800, अधिकृत मुख्य विक्रेता : **देवली** : राजस्थान टीवीएस, फोन : 7877952784, **टोंक** : सी आई एस टीवीएस : फोन : 9828011391, **सवाईमाधोपुर** : पी डी टीवीएस : फोन : 8949291788, **दौसा** : चॉदीवाला टीवीएस, फोन : 9414030078, अधिकृत विक्रेता : गंगापुर सिटी : फोन : 9414446637, खण्डार : फोन : 8560040789, बोनली : फोन : 9414552402, वजीपुर, फोन : 9784641793, महुआ : फोन : 9413380437, सिकंदरा : फोन : 7976934952, निवाई : फोन : 9214958415, मालपुरा : फोन : 8561853008, लांबा हरिसिंह : फोन : 8104492727, टोडारायसिंह : 9928366242, करौली : फोन : 9414225756, कुरगॉव: फोन : 9983787786, हिण्डोन सिटी : फोन : 9414336921, सुरोठ : फोन : 9610211955, बांदीकुई : फोन : 9887416112, लालसोट : फोन : 8824376124, पिपलू : फोन : 9667161844, घाड़ : फोन : 9829924791, सरोली (दूनी) फोन : 9829987145.

dentsu/ras jai/10/25




के.एस. मोटर्स प्रा. लि., एम. आई. रोड, जयपुर: 7574808728, वैशाली नगर, जयपुर : 07942530977, वी.के.आई. रोड नं. 5, जयपुर : 9783384408 ( ब्रांच ):- कोटपुतली: 8852884871, 9166409090, शाहपुरा: 9001238949, 9461671901, लालसोट: 9414570752, महुआ: 9829552732, बस्सी: 7574808728, दूदू: 9929236333, विराटनगर: 9929373114, बांदीकूई: 9414517132, जोबनेर: 8094582000, जैतपुरा: 9460466992, 9828150910, दौसा: 8233279427, 9414045855, ऑटो वर्ल्ड: ( ब्रांच ):- सवाईमाधोपुर: 8929653907, गंगापुरसिटी: 8929653907, टोंक: 8929653907, टोंक रोड, प्रतापनगर, जयपुर: 8929653907, राजा पार्क, जयपुर: 8929653907, जे.एस. फोरव्हील मोटर्स प्रा. लि.: अलवर, बहरोड़, करौली, भिवाड़ी : 9289464947, 9289464947, धौलपुर/भरतपुर: 9625374409, गहलोत मोटर्स प्रा. लि.: सीकर: 9414039978, 9983086958, श्रीमाधोपुर: 7412074594, झुंझुनूं: 9414059948, उदयपुरवाटी: 9414039952, चिड़ावा: 7412049988, खेतडी: 9983560927, नीम का थाना: 9414033482, बीकानेर मोटर्स प्रा. लि.: बीकानेर, चूरू, सुजानगढ़: 8527241179, के.एस. ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि.: उदयपुर: 7574808555, आईओसी पेट्रोल पम्प, गोवर्धन विलास, उदयपुर: 9001317899, बांसवाड़ा: 7727011069, 9773316278, 9773318630, 9773326964, 9950207844, डूंगरपुर: 9001297956, 8233009909, सागवाड़ा: 7726006927, 9929958164, चित्तौड़गढ़: 8003093548, 9001799790, 9773396753, 9116629684, प्रतापगढ़: 7727087373, 9001897397, रावतभाटा: 8233009810, आबूरोड़: 9116504111, 9928040209, सिरोही: 9929958177, 7727083939, 8529080964, भीलवाड़ा एग्रो ऑटो सर्विस ( प्रा. ) लि. : भीलवाड़ा/बिजोलिया: 8875016206, राजसमन्द/भीम: 8875016206, एवरग्रीन मोटर्स: कोटा: 9654126004, 9829029755, 8003099955, 7340052648, बूंदी: 9654126004, 9829226555, बारां: 9654126004, 9829226655, झालावाड़: 9654126004, 9928922755, परम ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. : पालरा इण्डस्ट्रीयल एरिया के पास, एनएच-8, जयपुर हाइवे बायपास,ग्राम सेन्दरिया, अजमेर मो.: 9205995747, एनएच-8, जयपुर रोड, राधिका रिसोर्ट, जीवीके टोल प्लाजा के पास, किशनगढ मो.: 9205995747, 9521815789, नागौर ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि.:नागौर: 7291983310, 8003899701, ( ब्रांच ) मेड़ता : 7291983310, 9414119003, डेगाना : 7291983310, 9414603205, कुचामन सिटी : 7291983310, 9413385702, डीडवाना : 7291983310, 9829146228, छोटी खाटू : 8239343536, लाडनूं : 7291983310, 9314014841, वी. डी. मोटर्स प्रा. लि.: श्रीगंगानगर: 9672078697, 9672078696, 9414093025, 9672064445, सूरतगढ़: 9414093016, 9414093041, अनूपगढ़: 9414093027, हनुमानगढ़: 9672064447, 9214093020, 9672058886, 9636393042, 9636393024, रावतसर/पल्लू: 9214093016, 9672058883, नोहर: 8690993024, 8690993022, 9414093024, भादरा: 9672028889, 9214093020 ( सीएसडी ), 9414093025, ओ. एस. मोटर्स: जोधपुर: 9413078666, 7791960164, बासनी : 9784882022, बाड़मेर: 7023067805, बालोतरा: 9664251725, जैसलमेर: 7340105190, फलोदी: 9413660844, पाली: 9610078677, सुमेरपुर: 9784839760, जालौर: 9772708668, भीनमाल: 9829809490, सांचौर: 9602664390, जैतारन : 9024835145